## खास बात

*नियमों का विधान मनुष्य के लिए हुआ है, मनुष्य का निर्माण नियमों के लिए नहीं।*

*- रामतीर्थ*

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 21 अंक - 193

नर्मदापुरम

रविवार, 27 अप्रैल 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में अवैध मदरसों पर कार्रवाई, 180 मदरसे किए सील

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार का प्रदेशभर में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार को रुड़की के भगवानपुर थाना क्षेत्र में प्रशासन ने तीन अवैध मदरसों को सील कर दिया। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अवैध मदरसों के खिलाफ राज्यभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। भगवानपुर क्षेत्र में पहले भी कई अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है। आज की कार्रवाई के साथ प्रदेश में अब तक कुल 180 अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून के दायरे से बाहर कोई भी संस्था संचालित नहीं होने दी जाएगी और इस प्रकार की कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी। एसडीएम भगवानपुर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने हल्लू माजरा, मक्खनपुर और मोहितपुर गांवों में स्थित अवैध मदरसों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सील किया।



### थाईलैंड में विमान हादसा, छह पुलिस अधिकारियों की मौत



**बैंकॉक।** थाईलैंड की खाड़ी में शुक्रवार सुबह पुलिस का एक छोटा विमान (डीएचसी-6-400 ट्विन ओटर) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। थाईलैंड के 191 आपातकालीन केंद्र ने सुबह 8.15 बजे दुर्घटना की सूचना दी। केंद्र के अनुसार, यह विमान बेबी ग्रैंड हुआ हिन होटल से लगभग 100 मीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त होकर थाईलैंड की खाड़ी में गिर गया। बैंकॉक पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, बेबी ग्रैंड हुआ हिन होटल समुद्र तट के किनारे फेचबुरी के चा-आम जिले में है। इस विमान में पुलिस के तीन पायलट, दो मैकेनिक और एक इंजीनियर सवार थे। थाई पुलिस के प्रवक्ता पोल लेफ्टिनेंट जनरल अर्चायोन क्रैथोंग ने बताया कि विमान पैराशूट प्रशिक्षण अभ्यास की तैयारी के लिए परीक्षण उड़ान पर था। पांच अधिकारियों की घटनास्थल पर मौत हो गई।

## अंतर्मना उवाच



**चमोली, उत्तराखंड:** प्रतिदिन की भांति खुले आसमान के नीचे भरी दोपहरी में तपोशिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज दोपहर की सामयिक करते हुए...

***उपेक्षा और अपमान यदि अपनों से बार बार मिले... तो शब्दों से वाक युद्ध करना उचित नहीं है..!***

*समझदारी इसी में है कि वहाँ से दूर हो जाना चाहिए। सब समय का खेल है।* ***कूड़े कचरे के दिन भी बदलते हैं।*** *समय ने किसी को नहीं छोड़ा, क्या राजा – क्या रंक, क्या अमीर – क्या गरीब, क्या सेठ – क्या भिखारी। सबने समय की मार खाई है।* ***इतिहास को देखो, वर्तमान को महसूस करो और भविष्य को संवारो।***

*जिसने समय का सम्मान किया, समय ने उसका सम्मान किया।* ***कभी ये मत कहो*** *– हम टाइम पास कर रहे हैं।* ***ये भी मत कहो*** *– समय बोझ है, इसे ढो रहे हैं। आप स्वयं सोचो! बोझ कौन ढोता है –* ***इंसान या गधा..?***

***समय का सम्मान करने वाले वंदनीय और अभिनंदनीय हो जाते हैं और उनका यशोगान युगों युगों तक किया जाता है।*** *समय का धैर्यपूर्वक सदुपयोग हमें निखारता है। जैसे – सम्मेद शिखर की यात्रा रात्रि 1 या 2 बजे से चलना शुरू करते हैं। एक एक कदम चलते चलते पारसनाथ टोंक पर पहुंच जाते हैं।* ***समय, साहस और श्रम ने यात्री को लक्ष्य तक पहुँचा दिया।*** *वैसे ही कार्य करते रहो और समय का इंतजार करो, फल जरूर मिलेगा। हम उजास और उल्लास की गति को तभी पकड़ सकते हैं, जब समय के साथ कदम ताल करेंगे। इसलिए समय के महत्व को समझें और सही दिशा में सही उपयोग करें।* ***समय ही है जो हमारे भविष्य का निर्माता है।*** *समय, श्रम और साहस की त्रिवेणी हमें सफलताओं के शीर्ष पर पहुँचा देती है।* ***जिन्होंने समय को समझा, समय ने उन्हें समझदार बना दिया।***

***समय को आर्दश बनाने वाले, समय आने पर समाज एवं राष्ट्र के अनुकरणीय और आर्दश पुरुष बन जाते हैं।*** *समय बोध ही कर्तव्य बोध का पाठ पढ़ाता है। इसलिए अपने दैनिक जीवन की समय सारणी बनायें और समय के सार को पायें।* ***अन्यथा बन्दर के हाथ में समय की छुरी...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

## सीएम यादव आज इंदौर में करेंगे ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर का शुभारंभ

# 'एमपी टेक ग्रोथ' कॉन्क्लेव-2025 में जुटेंगे देश-दुनिया के टेक-दिग्गज

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**




मध्य प्रदेश को टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार का केन्द्र बनाने के उद्देश्य से आयोजित 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार, 27 अप्रैल को इंदौर के 'ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर' में करेंगे। इसमें देश-दुनिया के टेक-दिग्गज जुटेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि कॉन्क्लेव देश-दुनिया के टेक दिग्गजों के लिए निवेश का स्वर्णिम अवसर सिद्ध होगा। राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का ये कॉन्क्लेव आयोजन जीआईएस-भोपाल में आए निवेश प्रस्तावों को मूर्त रूप देने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

जनसंपर्क अधिकारी सोनिया परिहार ने शनिवार को बताया कि 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' प्रदेश का पहला पूर्णतः सेक्टर आधारित टेक-कॉन्क्लेव होगा, जो हाल ही में आयोजित जीआईएस-भोपाल में आये निवेश प्रस्तावों को धरातल पर साकार करने का मंच बनेगा। कार्यक्रम में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया जैसी बिग-टेक कंपनियों सहित 300 से अधिक तकनीकी विशेषज्ञ, उद्योगपति, नीति निर्माता और निवेशक शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर प्रदेश की चार नई तकनीकी नीतियों-त्वष्टि नीति, ड्रोन नीति, सेमीकंडक्टर नीति एवं एवीजीसी-एक्सआर नीति की गाइडलाइन्स जारी करेंगे। यह नीतियां नवाचार, अनुसंधान और निर्माण को प्रोत्साहित कर प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर तक तकनीकी उद्यमिता और क्षमताओं को नई ऊँचाइयाँ देंगी। कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव नए आईटी पार्क, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स और स्टार्ट-अप इन्क्यूबेटरों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री कॉन्क्लेव में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' और इन्क्यूबेशन हब का शुभारंभ करेंगे। प्रमुख निवेशकों के साथ एमओयू और आवंटन-पत्रों पर हस्ताक्षर करेंगे और इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। इस पोर्टल से निवेशकों को प्रोजेक्ट्स की रियल-टाइम ट्रैकिंग और एकल खिड़की की सुविधा मिलेगी।

### ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस से होगी अवैध खनन की निगरानी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिये ऑर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रदेश की समस्त स्वीकृत 7502 खदानों की जियो टेगिंग कर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया जा चुका है। सैटेलाइट इमेज एवं रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी की सहायता से प्रदेश में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भंडारण पर निगरानी रखी जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रणाली खदान क्षेत्र के बाहर हो रहे अवैध उत्खनन का पता लगाने में सक्षम होगी। इसके अंतर्गत एक निश्चित समय अंतराल पर सतत रूप से प्राप्त सेटेलाइट इमेजेस का विश्लेषण कर सिस्टम द्वारा राज्य एवं जिला प्रशासन को अलर्ट भेजे जायेंगे। क्षेत्रीय अमले द्वारा मोबाइल ऐप से परीक्षण एवं निरीक्षण कर पोर्टल अथवा मोबाइल ऐप पर रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर खदान या उसके बाहर ड्रोन सर्वे कर वॉल्युमेट्रिक एनालिसिस से वास्तविक उत्खनित मात्रा का पता लगाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की परियोजना भी प्रक्रियाधीन है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को आगे बढ़ायें : मुख्यमंत्री

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों को और अधिक विस्तारित किया जाये, जिससे वर्षा के जल को अधिक से अधिक संग्रहित किया जा सके। जल के संग्रहण से जहाँ एक ओर पेयजल स्रोत रिचार्ज हो सकेंगे, वहीं कृषि के लिये भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज की भागीदारी से जिस प्रकार अभियान अंतर्गत काम हो रहे हैं, उसके सकारात्मक प्रभाव आने वाले समय में देखने को मिलेंगे।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की सफाई करते समय हादसा

# बेकाबू पिकअप ने सात लोगों को कुचला, मौत





**नूंह ■ एजेंसी**

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत गांव इब्राहीम बास गांव के पास शनिवार की सुबह एक बेकाबू पिकअप वाहन ने सफाई कर्मचारियों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में छह महिलाएं और एक पुरूष है। इनमें चार महिलाएं एक ही परिवार की हैं।

बताया जा रहा है कि इब्राहिम बास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चल रहा है। गांव खेड़ली कलां के लोगों को सफाई के लिए ठेकेदार ने लगाया है। शनिवार को सुबह करीब 10 बजे पिकअप से 11 लोग सफाई करने के लिए आए थे। जब ये लोग अभी पिकअप वाहन से उतरे ही थे, तभी गुरुग्राम की ओर से तेजी से आई पिकअप वाहन ने इन लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सफाई करने आए लोगों के शव इधर-उधर बिखर गए। कई शव दो टुकड़ों में बंट गए। इस दुर्घटना में छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई और एक व्यक्ति और चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। अभी भी दो महिलाओं की हालात गंभीर बनी हुई है।

### पीएम ने हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नूंह में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक एक्स पोस्ट नें कहा कि हरियाणा के नूंह में हुआ हादसा अत्यंत हृदयविदारक है। उनकी संवेदनाएं शोक-संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। इसके साथ ही वे हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। राज्य सरकार राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटी है।

### गोरखपुर में बेकाबू कार ने 3 को रौंदा

**गोरखपुर।** बेकाबू कार ने घर के बाहर चारपाई पर बैठे परिवार के लोगों को रौंद दिया। हादसे में मां-बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। कार सवार युवक बारात से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। इस दौरान एक पहिए का टायर भी फट गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से घायलों को तत्काल अस्पताल में इलाज कराने और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

## पुलवामा, शोपियां व कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के सहयोगियों के 3 और घर ध्वस्त

**श्रीनगर ■ एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के बाद दक्षिण कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादियों के संदिग्ध तीन सहयोगियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों में ध्वस्त किए गए घरों की कुल संख्या पांच हो गई। ताजा कार्रवाई में पुलवामा के अहसान शेख, शोपियां के शाहिद अहमद कुट्टे और कुलगाम के जाहिद अहमद का घर जमींदोज कर दिया गया।अधिकारियों के अनुसार, अहसान ने पहलगाम हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों को रसद और प्रत्यक्ष सहायता भी प्रदान की थी।

कुट्टे और अहमद पर पिछले 3-चार वर्षों से राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले अधिकारियों ने शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले में शामिल कश्मीर के दो अन्य अन्य आतंकवादी सहयोगियों आसिफ शेख और आदिल थोकर के घरों को उड़ा दिया था।हालांकि, अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि विध्वंस से पहले परिवार के सदस्य घर खाली कर दें। आसपास की संपत्तियों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए सटीक विस्फोट से घरों को ध्वस्त कर दिया गया।

### नर्सिंग छात्रों को राहत: हाईकोर्ट का फैसला, 28-29 से हर हाल में परीक्षाएं हों, कमेटी भंग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में नर्सिंग कॉलेजों में हुए बड़े फर्जीवाड़े और परीक्षाओं में बार-बार हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि 2022-23 सत्र की लंबित परीक्षा अब हर हाल में 28 और 29 अप्रैल को आयोजित की जाए। यह परीक्षा पहले चार बार टाली जा चुकी है- दो बार मेडिकल यूनिवर्सिटी और दो बार एमपी नर्सिंग काउंसिल की ओर से। कोर्ट के इस निर्देश से 200 डिग्री और 400 से अधिक डिप्लोमा कॉलेजों के 50 हजार से अधिक छात्रों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता से जुड़े मामलों में गठित उच्च स्तरीय कमेटी की भूमिका अब समाप्त हो चुकी है और अब किसी भी कॉलेज का मामला कमेटी को नहीं सौंपा जाएगा।

## ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट एवं विरुधुनगर पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट

# 5 की मौत, 700 से अधिक घायल

**ईरान ■ एजेंसी**



ईरान के प्रमुख व्यापारिक केंद्र शाहिद राजाई बंदरगाह पर आज हुए एक भीषण विस्फोट ने समूचे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। इस भयावह हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत और 700 से अधिक लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, यह विस्फोट बंदरगाह पर रखे गए रासायनिक पदार्थों के कारण हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि रसायनों के असुरक्षित भंडारण या हैंडलिंग में हुई चूक इस हादसे का कारण हो सकती है।

### पटाखा फैक्टरी ब्लास्ट में तीन लोगों की मौत



**चेन्नई।** राज्य के विरुधुनगर जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट होने से तीन महिलाओं की मौत हो गई। इस हादसे में सात लोग झुलस गए हैं। इस घटना के पीड़ितों के प्रति तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने संवेदना व्यक्त की हैं और मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये की मदद का ऐलान किया है।

## मीडिया से चर्चा करते हुए वीडी शर्मा बोले

# संगठन में अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि संपर्क व संवाद भाजपा की विशिष्ट कार्यपद्धति है। हमारे संगठन में अनुशासनहीनता का कोई स्थान नहीं है, अगर कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि ऐसा प्रयास करता है, तो उस पर तत्काल कार्यवाही होती है। लव जिहाद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो नजीर बनेगी। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकेगा। शर्मा ने कहा कि पार्टी अपनी कार्यपद्धति के तहत समय-समय पर अनुशासनहीनता करने वालों से चर्चा करती है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के 2 महापौर, 2 विधायक, प्रदीप पटेल, प्रीतम सिंह लोधी, बीना नपाध्यक्ष व देवास की महापौर से बात हुई है और सागर महापौर आज नहीं पहुंची हैं उन्हें पार्टी नोटिस जारी कर रही है।

## मप्र के 19 जिलों में आज बारिश का अलर्ट

# 3 जिलों में चलेगी लू, बाकी में तेज गर्मी करेगी बेहाल

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**



मध्य प्रदेश में तपती गर्मी के बीच अब प्रदेशवासियों को लू से राहत मिलने के आसार है। मौसम विभाग ने आज शनिवार को ग्वालियर, जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में बादल छाए रहेंगे। जबकि अन्य जिलों में गर्मी का असर बरकरार रहेगा। इसके साथ ही 3 जिलों में लू भी चल सकती है। इनमें रतलाम, खंडवा और बुरहानपुर शामिल हैं।

नर्मदापुरम जिले में शनिवार सुबह कई शहरों में तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर में बारिश का अनुमान जताया है।

## सूचना प्रसारण मंत्रालय ने जारी किया परामर्श

# रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का प्रसारण न करे मीडिया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया है।

मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श में कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।


सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

पिछली घटनाओं को रेखांकित करते हुए परामर्श में कहा गया है कि रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित 'स्रोत-आधारित' जानकारी के आधार पर कोई वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए।

## पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए

# सरकार युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

***नई दिल्ली ■ एजेंसी***



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और नवाचार से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। वहीं हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर निरंतर बढ़ें।*

*प्रधानमंत्री मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नई नियुक्ति पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों से जुड़े जनसमूह को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग मिशन की घोषणा की है। इसका उद्देश्य है- 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देना और भारत के युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड वाले प्रॉडक्ट बनाने का मौका देना है। इससे ना केवल देश के लाखों छोटे उद्योंगो और लघु उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पूरे देश में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।*

*प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रहा है और आज देश में युवाओं के लिए नए अवसर बन रहे हैं। कुछ ही दिन बाद मुंबई में वेव्स 2025 का आयोजन होगा। इस आयोजन के केंद्र में देश के युवा क्रिएटर्स हैं। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट से जुड़े नवाचारियों को पहला बड़ा मंच मिलेगा। स्टार्टअप्स को निवेशकों और इंडस्ट्री लीडर्स से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा।*




*आज समन्वय भवन में केंदीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में रोजगार मेला के तहत पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में 47 स्थानों पर सरकारी नौकरियों में चयनित 5 1000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों के वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री कारण सिंह वर्मा, विधायक सुरेंद्र पटवा, विधायक प्रभुराम चौधरी, विधायक मुकेश टंडन आदि उपस्थित रहे।*

## संक्षिप्त समाचार

### भोपाल में बनेगा मप्र का पहला निजी डाटा सेंटर

**भोपाल।** मप्र का पहला निजी डाटा सेंटर भोपाल के आईटी पार्क में बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अप्रैल को इंदौर में होने वाले टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन वर्चुअली करेंगे। यह सेंटर एशिया की सबसे बड़ी रेटेड-4 डाटा सेंटर कंपनी कंट्रोल एस द्वारा 500 करोड़ रुपए के निवेश से बनाया जाएगा। इससे 200 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार ने कंपनी को डाटा सेंटर के लिए 5 एकड़ जमीन आवंटित की है। पूरा प्रोजेक्ट 12 मेगावाट की क्षमता पर काम करेगा। मुख्यमंत्री ने आईटी उद्योगपतियों से चर्चा कर उज्जैन और इंदौर के आईटी पार्क विस्तार पर भी निर्देश दिए। सीएम 27 अप्रैल को इंदौर आईटी कॉन्क्लेव में निवेशकों से वन-टू-वन बैठक करेंगे। जीसीसी, ड्रोन, एवीजीसी और सेमीकंडक्टर नीतियों पर राउंड टेबल मीटिंग होंगी। सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन, एमओयू हस्ताक्षर और जमीन आवंटन होगा।

### भोपाल एम्स में 9वां किडनी ट्रांसप्लांट सफल

**भोपाल।** भोपाल एम्स में डेढ़ साल से किडनी की बीमारी से जूझ रहे युवक का 21 अप्रैल को किया गया ट्रांसप्लांट पूरी तरह से सफल रहा। पिछले डेढ़ साल से किडनी रोग से पीड़ित बिहार के 24 वर्षीय युवक को उसकी मां ने अपनी किडनी दी है। युवक को पैरों में सूजन और कमजोरी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसे किडनी फैलियर की जानकारी मिली और डॉक्टरों ने ट्रांसप्लांट की सलाह दी। एम्स दिल्ली में चार महीने लंबी वेटिंग लिस्ट के चलते मरीज बेहतर विकल्प की तलाश में भोपाल एम्स पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने तुरंत आवश्यक जांचें शुरू की। क्रॉस-मैचिंग में युवक की किडनी उसकी मां से मेल खा गई। मां ने बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी किडनी दान करने का फैसला किया। 21 अप्रैल को ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया गया।

### पांच नगर निगमो के केंद्रीय अनुदान पर लटकी तलवार

**भोपाल ।** 15 वें वित्त आयोग ने नियम बनाया है। प्रत्येक नगर निगम को पिछले वर्ष की तुलना में न्यूनतम 12.98 फ़ीसदी अधिक प्रॉपर्टी टैक्स वसूल करना होगा। मध्य प्रदेश में 16 नगर निगमे है। इसमें से पांच नगर निगम जिसमे भोपाल इंदौर खंडवा सिंगरौली और कटनी शामिल हैं। इन्होंने लक्ष्य के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स मैं वृद्धि नहीं की है। जिसके कारण इन्होंने अपने केंद्रीय अनुदान की पात्रता को खो दिया है। पिछले सालों में भी कई नगर निगमो ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया था। उसके बाद भी उन्हें केंद्रीय अनुदान प्राप्त हो गया था। लेकिन इस बार केंद्र सरकार नियमों का गंभीरता से पालन कर रही है। केंद्रीय अनुदान पाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स को आधार बनाया गया है। यदि इन पांचो नगर निगम को केंद्रीय अनुदान प्राप्त नहीं हुआ तो उनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो जाएगी।

### भोपाल में ''द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव'' आज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरू प्रकाश पासवान 27 अप्रैल, रविवार को ''आईएम बीजेपी फ्यूचर फोर्स'' द्वारा श्यामला हिल्स स्थित राज्य संग्रहालय ऑडिटोरियम में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित ''द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव'' को संबोधित करेंगे। ''सामाजिक न्याय से सामाजिक सशक्तिकरण तक-मोदी युग में बाबा साहब के सपने को साकार करना'' विषय पर आयोजित ''द अंबेडकर यूथ कॉन्क्लेव'' का शुभारंभ 27 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे होगा।

## चार माह बाद भी नहीं बनी एक नाम पर सहमति

# अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ होगी प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा

भोपाल ■ निसं

मप्र में पिछले तीन माह से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। लेकिन पार्टी अभी तक किसी एक नाम पर मुहर नहीं लगा पाई है। वहीं भाजपा सूत्रों का कहना है कि अब पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कुछ दिन और नहीं होने की संभावना है। ऐसे में कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही अब प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि मप्र में भाजपा के लिए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव अबूझ पहेली बनता जा रहा है। जिलाध्यक्षों के नाम घोषित होने के बाद प्रदेश को नया अध्यक्ष मिलने की संभावना थी, लेकिन यह इंतजार बढ़ता जा रहा है। जातिगत, राजनीतिक, क्षेत्रीय सहित विभिन्न समीकरणों को टटोलना के बाद जो नाम सतह पर आए भी थे, उन्हें लेकर भी चर्चाएं थम चुकी हैं। तय माना जा रहा है कि अब राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष का नाम सामने आएगा।

गौरतलब है किभाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की जगह कौन लेगा, इसको लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। प्रदेश अध्यक्ष की रेस में पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, अरविंद भदौरिया, बैतूल से विधायक हेमंत खंडेवलवाल, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सदस्य सुमर सिंह सोलंकी के नाम चर्चा में है। वीडी शर्मा के कार्यकाल को पांच साल हो गए है। उनके नेतृत्व में भाजपा ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत और लोकसभा चुनाव में पहली बार सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज की। वीडी शर्मा को संगठन केंद्र में बड़ी भूमिका दे सकता है। प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग से मुख्यमंत्री के होने के चलते सामान्य या ब्राह्मण वर्ग से प्रदेश अध्यक्ष बनाने की अटकलें लगाई जा रही है। हालांकि संगठन आदिवासी चेहरे को भी मौका दे सकता है। इसका कारण लंबे समय से आदिवासी नेता को प्रदेश की कमान नहीं सौंपी गई है। एससी वर्ग से सत्यनारायण जटिया प्रदेश अध्यक्ष बने, लेकिन आदिवासी वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका है। इसका एक कारण जातिगत समीकरण को ध्यान रखते हुए आदिवासी वर्ग को मौका देना भी माना जा रहा है। प्रदेश में ओबीसी वर्ग से मुख्यमंत्री होने के अलावा डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ब्राह्मण और जगदीश देवड़ा एससी वर्ग से आते हैं। वीडी शर्मा सामान्य वर्ग से आते हैं।

**दिग्गजों से नहीं हुई अभी तक रायशुमारी:** गौरतलब है कि भाजपा में परंपरा है कि सभी नेताओं से रायशुमारी के बाद ही किसी नाम पर मुहर लगाई जाती है। प्रदेश में अभी तक दिग्गज नेताओं से रायशुमारी नहीं हो पाई है। यहां केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर, जयभान सिंह पवैया, कैलाश विजयवर्गीय और राकेश सिंह जैसे नेताओं की राय को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। देरी की एक वजह इन दिग्गजों से रायशुमारी नहीं होना भी है। सत्ता और संगठन में बदलाव के बाद पुराने चेहरों की चिंता अपना किला बचाने की है, तो जिन्हें पीढ़ी परिवर्तन के चलते मौका मिला है, वे अपनी जमीन मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सहमति भी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर मायने रखती है।





### नहीं हो पाया प्रधान का दौरा

जनवरी में चुनाव अधिकारी बनाए गए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रदेश दौरा भी नहीं बन पाया। उन्होंने किसी नाम पर सहमति बनाने के प्रयास किए हों या रायशुमारी का दौर चला हो, ऐसे प्रयास भी सामने नहीं आए हैं। पार्टी नेताओं का अनुमान है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर सहमति के बाद मप्र और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के अध्यक्षों के नाम घोषित होंगे, लेकिन अब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी तय नहीं हो सका है। यह पहला अवसर है, जब भाजपा के संगठन चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों के चुनाव के चार महीने बाद भी प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर संगठन खाली हाथ है। पार्टी सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में बड़े कद के नेता कम हैं इसलिए वहां हाईकमान ने निर्णय कर दिया, लेकिन मप्र में मामला उल्टा है।

### कहां अटका है प्रदेश अध्यक्ष का फैसला

जानकारों का कहना है कि मप्र में भाजपा अध्यक्ष का फैसला अब से पहले पोखरण विस्फोट की तरह होता रहा है। दिवंगत नेता प्रभात झा को हटाने और नरेन्द्र सिंह तोमर को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का पूरा घटनाक्रम ऐसा ही था। ये पहली बार है कि प्रदेश अध्यक्ष का निर्णय लेने मे पार्टी इतना समय ले रही है। हालांकि इस बार पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के पद के तलबगार नेताओं की कतार भी लंबी है। नरोत्तम मिश्रा से लेकर अरविंद भदौरिया तक तमाम पार्टी के कद्दावर मंत्रियों से लेकर मौजूदा डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का नाम भी प्रदेश अध्यक्ष के पद के लिए चर्चा में है। बाकी विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम इनमें सबसे मजबूत माना जा रहा है। जो निर्णय जनवरी में हो जाना चाहिए था वो अप्रैल तक नहीं हो सका है। हालांकि इसकी एक वजह ये भी है कि भाजपा में कोई भी निर्णय बहुत चिंतन मनन के बाद होता है। अभी मध्य प्रदेश में निकट भविष्य में चुनाव भी नहीं है, लेकिन पूरे बीस साल बाद सरकार का चेहरा बदला है। तो पार्टी सामंजस्य का भी ध्यान रखेगी और उसी आधार पर निर्णय लिया जाएगा। इस देर की एक वजह ये भी हो सकती है। हालांकि भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष के फैसले को लेकर हो रही देरी पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का कहना है भाजपा मे हर निर्णय पूरी प्रक्रिया से होता है। पार्टी से संबंधित किसी भी निर्णय की घोषणा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद ही होगी। उधर कांग्रेस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर हो रही देरी की वजह भाजपा में बढ़ती गुटबाजी को बता रही है। कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता शर्मा कहती हैं कि असल में पार्टी में इतने कद्दावर नेता बेचारे खाली बैठे हैं और उन सबकी निगाह अब प्रदेश अध्यक्ष के पद पर है। पार्टी में गुटबाजी इतनी ज्यादा है कि शिवराज सिंधिया सबके अपने अलग अलग गुट हैं। उन्होंने कहा कि अब जो नया प्रदेश अध्यक्ष बनेगा, उसकी जिम्मेदारी होगी कि पार्टी को एकजुट करे। तो नए अध्यक्ष के लिए भी जिम्मेदारी तलवार की धार पर चलने जैसा मामला हो जाएगा।

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भोपाल में आधे दिन का बंद रहा

# व्यापारियों ने किया प्रदर्शन...हमले में दिवंगत हुए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

भोपाल ■ निसं

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध मध्यप्रदेश में जारी है। शनिवार को विरोध में भोपाल में आधे दिन के लिए बंद रखा गया है। इंदौर, रायसेन, रतलाम और छतरपुर में भी व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया है। बंद से इमरजेंसी मेडिकल सेवा को बाहर रखा गया है। 3 हजार मेडिकल स्टोर्स और थोक दवा दुकानें खुली हैं। दूध की सप्लाई भी प्रभावित नहीं होगी। वहीं, चाय-नाश्ता भी मिल रहा है।

भोपाल में चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने बंद का आह्वान किया है, जिसका शहर के व्यापारिक संगठनों ने समर्थन किया है। चेंबर के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने बताया, सभी व्यापारिक संगठनों से सहमति के बाद राजधानी के बाजार शनिवार को आधे दिन बंद रखा। न्यू मार्केट व्यापारी संरक्षण समिति ने बंद के आह्वान का समर्थन किया।



अध्यक्ष सतीश कुमार गंगराड़े समेत पवन वरदानी, प्रदीप कुमार गुप्ता और अजय देवनानी ने बताया कि सभी व्यापारियों की सहमति के बाद बंद रखने का निर्णय लिया। पुराने भोपाल के कारोबारियों ने भी बंद का समर्थन करते हुए दुकानें आधे दिन तक बंद रखने का निर्णय लिया। भोपाल के पुराने शहर स्थित थोक किराना बाजार जनकपुरी, हनुमानगंज और जुमेराती भी बंद रहा। दोपहर 2 बजे के बाद दुकानें खोली गई। वहीं भोपाल में बंद के बीच दयानिधि सामाजिक संस्था ने आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। समाज के लोगों ने आतंकी की हमले की निंदा की है।

### लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू के पास होगा खुद का लॉकअप और इंटरोगेशन रूम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की जांच एजेंसियां लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, स्टेट सीआईडी या एसटीएफ के पास अब अपना खुद का लॉकअप और इंटेरोगेशन रूम होने वाला है। इसको लेकर राज्य के गृह विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। लंबे समय से यह जांच एजेंसियां आरोपियों को हिरासत में रखने और पूछताछ के लिए खुद के लॉकअप और इंटेरोगेशन रूम की मांग कर रही थीं, जिसे आखिरकार अब मान लिया गया है। गृह विभाग के सर्कुलर के तहत अब लोकायुक्त, ईओडब्ल्यू, सीआईडी, एसटीएफ, राज्य नारकोटिक्स को लॉकअप और इंटेरोगेशन रूम बनाने की अनुमति है। इसके लिए इन एजेंसियों को अपने कार्यालय में एक कक्ष चिह्नित करना होगा, जहां आरोपी को 5-6 घंटे तक पूछताछ के लिए रखा जा सकेगा। कमरे में एक टेबल होगी, जिस पर एक तरफ आरोपी और दूसरी तरफ जांच अधिकारी होंगे।

## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय को भेंट की भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित जर्सी

भोपाल ■ निसं

भारतीय हॉकी टीम के वाइस कैप्टन एवं टोक्यो व पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज़ मेडल विजेता विवेक सागर ने रायसेन जिले के जिला खेल अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे को भारतीय हॉकी टीम द्वारा हस्ताक्षरित विशेष जर्सी भेंट की।

कुलाधिपति श्री संतोष चौबे ने विवेक सागर का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए बधाई दी। आगे उन्होंने कहा कि विवेक केवल हमारे विश्वविद्यालय के नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने प्रदेश के साथ-साथ देश का गौरव बढ़ाया है और उनके द्वारा दी गई यह जर्सी उस गौरव का प्रतीक है।



इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स और एआईसी-आरएनटीयू के निदेशक डॉ. नितिन वत्स ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विवेक सागर विश्वविद्यालय के छात्र हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय उनके इस समर्पण और सफलता पर गर्व करता है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, ओएसडी टू चेयरमैन श्री पद्मेश चतुर्वेदी, उपकुलसचिव समीर चौधरी, स्पोर्ट्स आफिसर सतीश अहिरवार और जनसंपर्क अधिकारी विजय प्रताप उपस्थित थे।

## ग्लैमर ग्रुप की पुल पार्टी में बारिश के गानों के साथ रेन डांस गोवा थीम पर किया कैटवॉक





भोपाल ■ निसं

शहर में गर्मी अपने पूरे शबाब पर हे, शहर वासी ठंडे माहौल की तलाश में हे, ऐसे समय शहर के एक्टिव लेडीज़ ग्रुप ग्लैमर ग्रुप की सखी सहेलियों ने पुल पार्टी के साथ टाइम स्पेंड किया टिप टिप वर्षा पानी बारिश के गानों के साथ गोवा थीम पर कैटवॉक कर गेम खेले, ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह ने बताया सभी मेंबर्स पुल ड्रेस में थी, होस्ट पलक मालवीय ने सभी मेंबर्स का वेल कम कर गिफ्ट दिए, ग्रुप की प्रमुख निशिता सिंह तोशिबा कोहली खरे पलक मालवीय अनामिका शर्मा मोनिका यादव वंशिका तलरेजा अमिता श्रीवास्तव माही नरायणी प्रतिभा यादव आराधना श्रीवास्तव अंशु पलक आहूजा गरिमा चंद्रिका आरती साहू रेणु यादव सहित अनेक सखी सहेलियां मौजूद थी।

## विधायक सबनानी ने किया वार्ड 31 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन

भोपाल ■ निसं

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 31 में 35 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने शनिवार को भूमि पूजन किया। क्षेत्र के तुलसी नगर, शिव नगर में सीसी रोड, नाली और पेवर ब्लॉक के कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर श्री सबनानी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम सब जनप्रतिनिधि संकल्पित है, हमारी दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में निरंतर विकास कार्यों लिए भूमि पूजन किया जा रहे हैं और निर्माण कर भी तेजी से हो रहे हैं, मैं जोन अध्यक्ष एवं पार्षद



श्रीमती ब्रजुला सचान जी को जनमानस से जुड़े हुए विकास कार्यों की योजनाओं पर निरंतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं। क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों की देखभाल की जवाबदारी भी आप सभी लोगों को करना है, और आप सभी के सहयोग से हम अपनी विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा बनाएंगे, आने वाले समय में हमारी विधानसभा में कई बड़ी योजनाएं भी आने वाली हैं जिससे क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार होगा और हमारे क्षेत्र की खूबसूरती भी बढ़ेगी, हमारा भोपाल वैसे भी हरियाली और तालाबों के लिए प्रसिद्ध है।

## इटारसी से होते हुए कानपुर से बेंगलुरु के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन

भोपाल ■ निसं

समर के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु-कानपूर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर 06-06 ट्रिप रेल प्रशासन द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 04131 कानपूर सेन्ट्रल-एसएमवीबी बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल से 01 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से रात 19:50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि 02:50 बजे, कटनी भोर 04:15 बजे, जबलपुर सुबह 05:35 बजे, इटारसी 09:25 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन मंगलवार शाम 18:30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04132 एसएमवीबी बेंगलुरु-कनकपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 30 अप्रैल से 04 जून 2025 तक प्रत्येक बुधवार को एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन से सुबह 07:10 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी दोपहर 12:30 बजे, जबलपुर दोपहर 15:45 बजे, कटनी शाम 17:05 बजे, सतना 18:30 बजे पहुँचकर और तीसरे दिन शुक्रवार मध्यरात्रि 02:00 बजे कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन पहुँचेगी।

## डिप्टी सीएम ने मांगे प्रस्ताव, जल्द भर्ती के लिए पीएससी के अफसरों के साथ भी कर चुके बैठक

# डॉक्टर्स की संविदा नियुक्ति अवधि 70 साल होगी

भोपाल ■ निसं

मध्यप्रदेश में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी की भरपाई के लिए अब 70 साल तक की उम्र वाले डॉक्टर्स को संविदा नियुक्ति देने की तैयारी है। डिप्टी सीएम और लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने अफसरों को कैबिनेट के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। इसके पहले डिप्टी सीएम शुक्ल इंदौर में लोक सेवा आयोग पहुंचकर वहां के अफसरों के साथ बैठक करके चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया जल्दी पूरी करने के लिए कह चुके हैं।



राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार, स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए सुलभ, हाई क्वालिटी लेवल और व्यापक बनाने के लिए कार्य कर रही है। सीनियर डॉक्टर्स के अनुभव, आधुनिक मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्था और समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया से इसमें सुधार लाने की कवायद की जा रही है।

भोपाल स्थित निवास कार्यालय में शनिवार को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े विषयों की समीक्षा की। इस दौरान कहा कि प्रदेश में वरिष्ठ चिकित्सकों की विशेषज्ञता का लाभ लिया जाएगा। इसके लिए 70 वर्ष की आयु तक संविदा सेवा देने वाले डॉक्टर्स के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्रस्ताव कैबिनेट अनुमोदन के लिए जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी पिछले दिनों लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान पदों की भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक सीनियर डॉक्टर्स की सेवाएं लेने के निर्देश विभाग को दिए थे। इसके बाद अब डिप्टी सीएम ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।

### रीवा और इंदौर के मेडिकल कालेज होंगे अपग्रेड

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा और इंदौर के मेडिकल कॉलेजों के अपग्रेडेशन का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए कॉलेजों का अधोसंरचना विकास, अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था अन्य आवश्यक कार्य भी समय से पूर्ण किए जाएं। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए हैं।

## एम्स भोपाल की पूर्व सीनियर रेजिडेंट डॉ. समिधा चौकसे ने नीट-एसएस परीक्षा में प्राप्त की दूसरी रैंक

भोपाल ■ निसं

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह संस्थान में शैक्षणिक श्रेष्ठता और ज्ञान के आदान-प्रदान को एक प्रेरक परंपरा के रूप में विकसित कर रहे हैं। उनकी प्रेरणा से संकाय सदस्य और छात्र निरंतर उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। हाल ही में, एम्स भोपाल की पूर्व सीनियर रेजिडेंट (एसआर) और एसआरएलएफ गाइनेकोलॉजी ऑन्कोलॉजी विभाग की सीनियर रेजिडेंट, डॉ. समिधा चौकसे ने प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान स्ट्रीम में नीट एसएस परीक्षा में प्रतिष्ठित दूसरी रैंक प्राप्त की है। यह सफलता उनके चिकित्सा करियर में एक मील का पत्थर है, और अब वह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (टीएमएच), मुंबई में एमसीएच गाइनेकोलॉजिकल ऑन्कोलॉजी कार्यक्रम में अध्ययन के लिए प्रवेश लेंगी, जहां उनका अगला कदम चिकित्सा क्षेत्र में और भी उच्चतम स्तर की विशेषज्ञता प्राप्त करना होगा। डॉ. चौकसे की सफलता उनके समर्पण, विशेषज्ञता और चिकित्सा विज्ञान में उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रमाण है। एक रेजिडेंट से लेकर एक शीर्ष रैंक प्राप्त करने तक की उनकी यात्रा, एम्स भोपाल द्वारा अपने चिकित्सा पेशेवरों को प्रदान किए जाने वाले विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का उदाहरण है।

## स्पेशल ट्रेन का इटारसी, जबलपुर एवं सतना पर ठहराव

# एक ट्रिप एलटीटी-सहरसा स्पेशल ट्रेन चलेगी

जबलपुर ■ निसं



रेल प्रशासन द्वारा 02 मई 2025 से नियमित तौर पर एलटीटी-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस चलाये जाने का निर्णय लिया है, लेकिन गर्मी के सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए नियमित ट्रेन सेवा से पहले एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन सेवा एलटीटी-सहरसा के बीच चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी-सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल 2025 को एलटीटी से रवाना होकर सहरसा जाएगी। गाड़ी संख्या 01019 एलटीटी-सहरसा एक तरफ़ा स्पेशल ट्रेन दिनाँक 27 अप्रैल 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर भुसावल शाम 17:15 बजे, इटारसी रात्रि 20:55 बजे, अगले दिन जबलपुर 03:40 बजे, सतना सुबह 06:45 बजे, प्रयागराज छिवकी 10:40 बजे और अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन मध्य रात्रि 02:15 बजे सहरसा स्टेशन पहुंचेगी। **ट्रेन के हाल्ट:** ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दिलदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, मुज़्ज़फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड जंक्शन, सलौना एवं खगड़िया जंक्शन। **कोच कम्पोजीशन:** स्पेशल ट्रेन में 08 स्लीपर, 11 जनरल, 2 एलएलआरडी एवं 01 पेन्ट्रीकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच रहेंगे। स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## जीएम ने रेल प्रशिक्षुओं से संवाद भी किया

# पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया

जबलपुर ■ निसं



रेलवे में चलाए जा रहे संरक्षा अभियानों से रेल संरक्षा को मजबूती मिल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने आज भोपाल मंडल स्थित रेलवे के एरिया ट्रेनिंग सेंटर (एटीसी) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने इंजीनियरिंग एवं परिचालन विभाग के संरक्षा से जुड़े ट्रैकमैन, गैंगमैन, प्वाइंट्समैन, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड जैसे प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद किया। महाप्रबंधक ने कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने और ड्यूटी के दौरान संरक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

महाप्रबंधक ने निर्माणाधीन कंप्यूटर आधारित परीक्षा हॉल तथा नियंत्रण कक्षों का भी सघन निरीक्षण किया। प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कक्षाओं में जाकर चल रही गतिविधियों का भी जायजा लिया और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती बंदोपाध्याय ने अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया जाए कि यह कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाए । उन्होंने रेल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रेनिंग ले रहे कर्मचारियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँ।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, मंडल अभियंता मुख्यालय सहित अन्य अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षकगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को सन्तोष तिवारी की पुस्तक जिंदगी जरा ठहर कर का होगा विमोचन

**खंडवा।** साहित्यकार संतोष तिवारी की दूसरी पुस्तक जिंदगी जरा ठहर कर का विमोचन 28 अप्रैल को शाम 6:00 बजे किशोर सभागृह में आयोजित होगा, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मप्र साहित्य अकादमी भोपाल के सहयोग एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद खण्डवा इकाई तथा पाठक मंच खण्डवा के तत्वावधान में 28 अप्रैल सोमवार को शाम 6 बजे किशोर सभागृह, संगीत महाविद्यालय परिसर में सन्तोष तिवारी की दूसरी पुस्तक ज़िंदगी ज़रा ठहर कर का विमोचन विकास दवे निदेशक मप्र साहित्य अकादमी भोपाल और कैलाश मण्डलेकर वरिष्ठ व्यंग्यकार के कर कमलों द्वारा होगा। इसी अवसर पर प्रीति तिवारी, शिक्षिका केंद्रीय विद्यालय खण्डवा, की पेंटिंग और क्राफ्ट की एक प्रदर्शनी भी आयोजित है। आयोजन का समापन उदीयमान गीतकार, गायक और संगीत निर्माता प्रारब्ध तिवारी की संगीत संध्या से होगा।

### भाजपा पुनासा मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**खंडवा/पुनासा।** भाजपा के पुनासा मंडल में नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी ने जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की सहमति से 71 सदस्यीय टीम बनाई है। जिसमे भाईराम यादव और रतन राठौड़ को महामंत्री नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष और छह मंत्री नियुक्त किए गए हैं। एक कार्यालय प्रभारी और एक मीडिया प्रभारी भी चुने गए हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए टीम में 14 महिलाओं को स्थान मिला है। उपाध्यक्ष पद पर लोभे सिह सोलंकी, रूपाली परोची, विजय चौहान, राजेश परिहार, राजू यादव, राजेंद्र प्रजापति को नियुक्त किया गया है। मंत्री पद पर भारत चौहान, नर्मदाप्रसाद यादव, रामप्यारी, बसु बाई, कंचन बाई और सुनीता जैन को चुना गया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चन्द्रकान्त को प्राप्त हुआ पक्का आवास

**खंडवा।** गांधी चौक वार्ड नंबर 2 पंधाना निवासी चन्द्रकान्त जाधव का पहले कच्चा मकान था। बारिश में दीवारें गीली हो जाती थीं और छत से पानी टपकता था। पक्का घर बनाना उनके लिए केवल सपना था। फिर उन्हें नगर परिषद से प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने आवेदन किया और सरकार की ओर से उन्हें 2.50 लाख सहायता राशि प्राप्त हुई, जिसकी मदद से अब उनका पक्का मकान बन गया है। इसमें शौचालय बिजली और पानी की सुविधा भी है। आज उनका परिवार सुरक्षित और खुश है। इसके लिए उन्होंने सरकार और प्रधानमंत्री आवास योजना का आभार व्यक्त किया।

### मुंदी में मधुमख्खी के हमले मे तीन लोग घायल

**खंडवा/मुंदी।** मुंदी नगर के रेणुका माता मंदिर में सोमगांव से दर्शन करने आए श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। घटना शनिवार की बताई जा रही। घटना उस वक्त की है जब समीप के ग्राम सोमगाँव के एक ही परिवार के लोग माता रानी के दर्शन कर रहे थे इसी दौरान मधुमख्खीयो का झुण्ड बिखर गया। जिसमें मौर्य परिवार के 3 पुरूष और एक महिला घायल हुए हैं। मामले की सूचना मिलते ही नगर परिषद का दमकल वाहन मौके पर पंहुचा और घायलों कोो रेस्कयु कर मुंदी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहाँ डॉ रविन्द्र मंडलोई द्वारा इलाज किया जा रहा है। परिवार सोमगांव से दर्शन करने रेणुका धाम आए थे।

### महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए जल व्यवस्था

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार को पंजाब के श्रद्धालु ने चांदी का मुकुट, नाग कुंडल, उज्जैन के भक्त ने 20 लीटर वाले 51 कैम्पर और सूरत के भक्त ने 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की नगद राशि दान की। मंदिर समिति ने बाबा महाकाल का प्रसाद भेंटकर तीनों दानदाताओं का सम्मान किया। बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट, नाग कुंडल व नंदी जी के लिए चांदी के सिंग भेंट किए।

# बानापुरा बाईपास तथा नर्मदा पुरम से टिमरनी तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा -नपा अध्यक्ष

सिवनी मालवा ■ निसं



नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन मैं जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेशसिंह एवं प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एम.डी. भरत यादव ,मुख्य अभियंता मीना , जिला अधिकारी डीएम अहिरवार नर्मदा पुर से लगातार कई बार मुलाकात कर उनसे सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र बाईपास से बानापुरा बाईपास तक सड़क की स्थिति कथा मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री परम राकेशसिंह ,मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एम.डी. श्री भरत यादव ,मुख्य अभियंता मीना , जिला अधिकारी अहिरवार होशंगाबाद से लगातार कई बार तथा विगत दिवस मुलाकात कर उनसे सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र बाईपास से बानापुरा बाईपास तक सड़क की स्थिति कथा नर्मदा पुरम से टिमरनी तक शेष खराब किमी के संबंध मेंअवगत कराकर शीघ्र डामरीकारण नवीनीकरण तथा पेज रिपेयर कार्य प्रारंभ करने का निवेदन किया गया था मेरे निवेदन पर उनके द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आज दिनांक से जिला सहकारी बैंक बानापुरा के सामने से सिवनी मालवा की तरफ डामरीकारण नवीनीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

साथ होशंगाबाद से डामरीकरण पेज का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया। जब तक मुख्य बजट में नवीन स्वीकृत 10 मीटर चौड़ी सड़क का कार्य प्रारंभ होगा उसके पूर्व एक बार होशंगाबाद से टिमरनी तक पूरी सड़क की मरम्मत उपरांत शेष बचे किलोमीटर में नवीनीकरण कार्य भी किया जाएगा इससे सड़क की स्थिति में सुधार के साथ दुर्घटनाओं से भी बचत होगी।

इस कार्य हेतु मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह , क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी , लोकप्रिय विधायक प्रेम शंकर वर्मा एवं मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एम डी भरत यादव,मुख्यअभियंता एमपी आरडीसी भोपाल, नर्मदा पुरम जिले के जिला अधिकारी डीएम अहिरवार सभी का हृदय से आभार बंधन अभिनंदन। गया था मेरे निवेदन पर उनके द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आज दिनांक से जिला सहकारी बैंक बानापुरा के सामने से सिवनी मालवा की तरफ डामरीकारण नवीनीकरण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

साथ होशंगाबाद से डामरीकरण पेज का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया। जब तक मुख्य बजट में नवीन स्वीकृत 10 मीटर चौड़ी सड़क का कार्य प्रारंभ होगा उसके पूर्व एक बार होशंगाबाद से टिमरनी तक पूरी सड़क की मरम्मत उपरांत शेष बचे किलोमीटर में नवीनीकरण कार्य भी किया जाएगा इससे सड़क की स्थिति में सुधार के साथ दुर्घटनाओं से भी बचत होगी। इस कार्य हेतु मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह , क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी , लोकप्रिय विधायक प्रेम शंकर वर्मा एवं मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के एम डी भरत यादव,मुख्यअभियंता एमपी आरडीसी भोपाल, नर्मदा पुरम जिले के जिला अधिकारी डीएम अहिरवार का आभार व्यक्त किया।

# सेन समाज के आराध्य संत महंत सेन जी महाराज की जयंती मनाई



पिपरिया ■ निसं

समस्त सेन समाज के संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ पिपरिया के नगर अध्यक्ष राजेंद्र सराठे (अधिवक्ता) के निज निवास पर शिरोमणि जी के चित्र पर माल्यार्पण ,पूजन अर्चन कर समस्त सामाजिक बंधुओं के साथ गणमान्य नागरिक और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेन जयंती मनाई ।

जिला अध्यक्ष हरलाल सराठे ने अपनी समाज में व्याप्त कुरीतियों उनका उन्मूलन और समाज में व्याप्त विसंगतियों को कैसे दूर किया जा सकता है और उनका निवारण क्या हो सकता है शिक्षा स्वास्थ्य राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से कैसे समाज को शीर्ष पर स्थापित हो इस दिशा में वक्ताओं ने अपनी बात रखी कार्यक्रम में महिला मंडल के द्वारा शीतल पेय की व्यवस्था की गई तदोपरांत प्रसादी वितरण हुआ सभी ने सेन जी महाराज से के जीवन से प्रेरणा उनके जीवन सिद्धांतों को अनुकरण में जीवन में उतरने की बात कही जिससे जीवन सफल हो। गौरतलब है राजेंद्र सराठे के अध्यक्ष कार्यकाल में सेन जयंती भव्य रूप से संपन्न हुए हैं विगत वर्षों में इसी तारतम्य में इस वर्ष सेन जयंती जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ

# किसानों के खेतों की पावन मिट्टी को किया अभिमंत्रित



माखननगर ■ निसं

एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के जीआर सी केंद्र महेंद्रवाडी में आसपास ग्रामों के किसानों ने अपने खेतों की मिट्टी लाकर भारत माता ,सरस्वती माता, हनुमान जी ,गणेश जी के चित्र के समक्ष रखी और दीप प्रज्वलित कर ओम गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ भूमि पूजन कर उपजाऊ जमीन बनाने के लिए मंत्र उच्चारण के साथ मिट्टी का पूजन । गंगा जल ,नर्मदा जल सभी तीर्थों का हवन किया ।

केंद्रीय सहयोजना प्रमुख दिलीप वाडिवा ने पूजन की एक एक मुट्ठी मिट्टी ले जाकर खेतों डालें जाने का किसानों को संकल्प के साथ प्रशिक्षण दिया । इस अवसर का लाभ मासिक समीक्षा बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं डिंडोरी कोऑर्डिनेटर द्वारका गौतम, मिडली कोऑर्डिनेटर ऋतिक परिहार , शाहगंज कोऑर्डिनेटर सचिन , जीआर सी होशंगाबाद से बलदेव सिंह राजपूत, ईओ डब्ल्यू टीचर उमेश यादव , गौ सेवक प्रमुख सोन सिंह , सह कार्यालय प्रमुख गुरुदेव सहित किसानों ने लाभ लिया ।

# वन परिक्षेत्र बुदनी के अंतर्गत नर् तेंदुए की रहस्यमयी मौत

बुदनी ■ बसंत मांझी




मध्य प्रदेश के विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत रातापानी अभ्यारण वन्य प्राणी संरक्षण क्षेत्र मैं वन्य प्राणियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है पिछले 1 साल के दौरान वन परिक्षेत्र बुदनी के अंतर्गत आने वाले रातापानी अभ्यारण क्षेत्र में कई वन प्राणियों की मौत हो चुकी है कहीं पर रेलवे लाइन से कट कर तो कहीं पर नेशनल हाईवे पर वन प्राणियों की मौत हो रही है वन विभाग वन्य प्राणियों की इन मौत को नियंत्रित करने में अपने आप को असफल महसूस कर रहा है।

25 अप्रैल की शाम 5:30 बजे के लगभग ग्रामीणों की सूचना पर वन अमले द्वारा ग्राम तालपुरा के जंगल से तेंदुए के शव को बरामद किया गया। रेलवे लाइन के खंभा नंबर 772/3 की पुलिया के नीचे एक नर तेंदुए का शव बरामद कर कस्टागार बुदनी लाया गया. घटना की सूचना पर डीएफओ एम एस डाबर, रातापानी अभ्यारण रायसेन वन्य प्राणी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित ओड एवं पशु चिकित्सा अधिकारी बुदनी के द्वारा मृत तेंदुए की मृत्यु के कारण पता लगाने के लिए खोजी कुत्ते को जिस स्थान पर तेंदुए का सब बरामद किया था वहां पर ले जाया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव का डिपो में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### सजग युवा मंडल ने संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती मनाई

**सिवनी मालवा।** सजग युवा मंडल के द्वारा मंडल कार्यालय वार्ड नंबर 9 पार्षद श्री ईश्वरदास जमींदार के निवास पर संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वो जयंती सर्व समाज एवं सेन समाज के सदस्यों के द्वारा बड़ी धूमधाम से संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई गई एवं भारत की आत्मा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के द्वारा मासूम पर्यटको की हत्या कर दी गई उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई सजक मंडल के वरिष्ठ सदस्य विनोद मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाई गई जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित सभी ने भगवान सेन जी महाराज के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करते हुए उन्हेंनमन कर जय घोष लगाए और उनके आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला और साथ ही साथ मंडल के सदस्य कमलेश लोवंशी ने उपस्थित सभी से पहलगाम में पाकिस्तानी आर्तंकियों के द्वारा धर्म पूछ पूछ कर मारेगए मृतकों को उनकी आत्मा शांति के लिए 2 मिनट का मोहन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# कांग्रेसियों ने दी पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजली,निकाला कैंडल मार्च

माखननगर ■ निसं



नगर के कांग्रेसियों ने संजय चौक के ध्वज स्थल पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे शहीद हुए भारतीय नागरिकों को मोन रख कर श्रद्धांजली अर्पित कर उनके परिजनों को साहस को दिवंगत आत्माओं को शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की एवं आतंकवाद का चित्र जला कर विरोध प्रकट किया । इसके उपरांत नसीराबाद चौराहे से दादा माखनलाल चतुर्वेदी स्मारक स्थल तक नारेबाजी कर कैंडल मार्च निकाला । जहाँ पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे, इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने कहा कि हम सब ऐसे समय मैं सरकार के साथ खड़े है एवं सरकार से जल्द से जल्द आतंकवादियों को पकड़ने साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही ।

इस अवार पर वरिष्ठ कांग्रेसी हकीम ख़ान, अमृत बिंदु डेरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला, सुरेंद्र सिघई, प्रकाश चौरसिया, मोहन सोनी, अरविन्द सिंह सोलंकी ,उमेश तिवारी, विजय मीणा,हेमंत खंडेलवाल, संजय अहिरवार, राजकुमार गुप्ता, सुनील मोदी, राजेंद्र बड़गुज़र, गिरीश वर्मा, स्वदेश मालवीय, संजय दुबे, मुंटी चाचा, शैलू दुबे, कमलेश पांडे, शेखर राजपूत, तरुण सोनी, राजेंद्र शक्तावत, अरुण तिवारी, पदम मीणा, जाहिद ख़ान, इरफ़ान ख़ान, रसीद ख़ान, मुकेश चौहान, सुमित डेरिया, उत्कर्ष आचार्य, टोनी राजपूत, बलराम अहिरवार, डमरू अहिरवार, गणेश अहिरवार, बंटी अहिरवार, सहित अनेक कांग्रेस जन एवं आम जन उपस्थित रहे।

# पीलीकरार गांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

बुदनी ■ बसंत मांझी



ट्राइडेंट ग्रुप की सी एस आर इकाई, ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के अंतर्गत हेल्थ ऑन व्हील मोबाइल एम्बुलेंस परियोजना की शुरुआत मधुबन अस्पताल के सहयोग से की गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को सहज, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसमें ट्राइडेन्ट ग्रुप के चेयरमैन पद्म राजिंदर गुप्ता जी एवं सी एस आर प्रमुख मधु गुप्ता जी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मधुबन अस्पताल, बुधनी के निदेशक डाक्टर सी ए हैरिसन और सभी अनुभवी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, सी एस आर टीम, के साथ ही ग्राम पंचायत पीलीकरार के सरपंच, सचिव एवं गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

इस कड़ी में पीलीकरार गांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 102 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सेवाओं का लाभ उठाया साथ ही शिविर में उपस्थित अनुभवी चिकित्सकों ने 52 ग्रामीणों का बी.पी., शुगर और हीमोग्लोबिन ( ।।क्क) की जांच के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया। गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एम्बुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं।

**शिविर में दी गई प्रमुख सेवाएं:** वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श बी.पी., शुगर और हीमोग्लोबिन जांच,आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण,गंभीर रोगियों के लिए रेफरल और एम्बुलेंस सुविधा । इस पहल का उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाना है ताकि स्वस्थ गांव, समृद्ध समाज की सोच को धरातल पर उतारा जा सके।

ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ग्रामीण भारत के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को घर-घर पहुंचाने का संकल्प दोहराता है।

## अनमोल वचन

अज्ञानता और विचार हीनता मानवता के विनाश के दो सबसे बड़े कारण है।
**जॉन टिलोटसन**

जब भी कोई हंसने का अवसर मिले तो, हंसे यह एक सुलभ दवा है।
**लार्ड ब्रायन**

## सम्पादकीय

### आधी-अधूरी चार्जशीट, दस्तावेजों का गायब होना, ईडी की साख पर सवाल?

*नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को दिल्ली की राउ एवेन्यू कोर्ट से एक बडा झटका लगा है। जब अदालत ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी एवं अन्य आरोपियों को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा जब तक ईडी अपनी चार्जशीट के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं करती है, तब तक किसी भी आरोपी को कोर्ट नोटिस जारी नहीं करेगी। अदालत की यह कार्यवाही कानूनी प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं न्यायपालिका की विश्वसनीयता के लिए जरूरी है। यह इसलिए भी जरूरी हो जाता है, क्योंकि चार्ज शीट में विदेशी नागरिक को भी आरोपी बनाया गया है। इतने महत्वपूर्ण केस में ईडी की यह लापरवाही जांच एजेंसी की जिम्मेदारी और गंभीरता पर सवाल खड़े करती है। चार्जशीट किसी भी आपराधिक मामले की बुनियाद होती है। जांच मे आरोपियों के खिलाफ साक्ष्यों को जुटाती हैं। चार्ज शीट में जांच अधिकारियों द्वारा जो दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते हैं। उसी के अनुसार न्यायालय को मुकदमे की सुनवाई करनी होती है। न्यायालय को न्याय करने में चार्ज शीट ही महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। किसी व्यक्ति को अदालत में तलब किया जाए या नहीं, यह देखना न्यायालय का काम है। चार्ज शीट में कानून के हिसाब से जांच एजेंसी ने सही तरीके से जांच की है, या नहीं की है। जांच के दौरान अपराध से संबंधित दस्तावेज चार्ज शीट में संलग्न हैं या नही हैं। इसे अदालत शुरुआत में ही देखती है। किसी भी तरह की कमी होने की स्थिति में न्यायालय चार्ज शीट को स्वीकार नहीं करती हैं। न्यायालय, चार्ज शीट स्वीकार करने के पहले जांच एजेंसी को सही तरीके से जांच कर दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश देती है। चार्ज शीट में जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, तो इसका सीधा असर न्यायिक प्रक्रिया पर पड़ता है। कोर्ट की इस चेतावनी से यह साफ है, जांच एजेंसियां किसी दबाव में कार्य न करें। जांच एजेंसी जांच के दौरान मुकदमे के लिए आरोपी के खिलाफ या आरोपी के पक्ष में जांच में जो भी दस्तावेज उपलब्ध हुए हैं, उन्हें चार्ज सीट में संलग्न करे। दस्तावेजी साक्ष्यों और सबूत के आधार पर ही मामले की सुनवाई शुरु की जाती है। यह मामला पिछले एक दशक से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र रहा है। कांग्रेस इसे बदले की कार्रवाई कहती रही है। गांधी परिवार के ऊपर इसे एक राजनीतिक हमले के रूप में बताया जा रहा है। ईडी ने जो आरोपी बनाए हैं, उसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस के कई बड़े नेता शामिल हैं। सत्तारूढ़ पक्ष इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बता रहा है। सबसे ज्यादा समय तक इस मामले की जांच चली है। अदालत के इस निर्देश से स्पष्ट है, आरोप कितने भी गंभीर हों, सक्षम जांच एजेंसी ने जब जांच की है, ऐसी स्थिति में न्यायालय के समक्ष सबूतों और साक्ष्यों को रखा जाए। बिना इसके न्यायालय किसी पर भी कार्रवाई नहीं कर सकता है। न्यायालय के सामने दोनों ही पक्ष समान रूप से अधिकार रखते हैं। न्यायालय द्वारा न्याय के लिए दोनों ही पक्षों को समान अवसर दिए जाते हैं। न्याय के लिए यह देखना जरूरी होता है। ईडी जैसी संवैधानिक संस्था का यह कानूनी एवं नैतिक दायित्व है। वह प्रत्येक दस्तावेज को गंभीरता के साथ न्यायालय के सामने प्रस्तुत करे। इस मामले में कोर्ट की टिप्पणी से स्पष्ट है, न्याय प्रक्रिया में जल्दबाज़ी या लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं है। जब तक न्यायालय में अपराध सिद्ध ना हो जाए तब तक दोनों ही पक्षों को समान अधिकार संविधान और कानून से प्राप्त हैं। यह मामला केवल राहुल या सोनिया गांधी तक सीमित नहीं है। यह मामला भारत की जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता और न्याय पालिका की गरिमा और विश्वसनीयता से जुड़ा है। कहते हैं कि जान-बूझकर जांच एजेंसी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर रही है। मुकदमा शुरू करने के पहले उन्हें प्रस्तुत करना जांच अधिकारियों का दायित्व है। इस मामले की 2 मई को अगली सुनवाई है। तब स्पष्ट होगा, ईडी ने जो जांच की है। सभी नियम और कानून का पालन करते हुए दस्तावेजी सबूतों को एकत्रित किया होगा। जो नियम हैं, उसके अनुसार जांच की है, या नहीं। जांच एजेंसी द्वारा किसी दबाव में आकर यदि किसी व्यक्ति या समूह को प्रताड़ित किया जा रहा है, इसकी प्रारंभिक जांच करना अदालत का कर्तव्य है। न्यायालय में आरोप पत्र के आधार पर मामला चलने योग्ग है या नहीं इसका फैसला न्यायालय को करना होता है। इस प्रक्रण में पिछले 10 साल से सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाएं जांच करती आई हैं। आरोपियों से कई दिनों तक पूछताछ की गई है। वर्षों पुराने इस मामले में जांच एजेंसियों ने हर स्तर पर जांच करके यदि मामला अपराधिक पाया तो यह जांच एजेंसी की जिम्मेदारी है, कि वह जांच से संबंधित सभी दस्तावेजों को चार्ज शीट के साथ संलग्न करे। न्यायालय को जब यह विश्वास हो जाता है कि मुकदमा चलाए जाने के लिए पर्याप्त आधार है। तभी मुकदमा न्यायालय में शुरू किया जा सकता है। उसके बाद ही आरोप तय किए जा सकते हैं, उसके पहले नहीं। यदि ऐसा किया गया तो दोनों पक्षों में से किसी न किसी एक पक्ष को प्रताड़ना सहना पड़ सकती है। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में इसका लाभ आरोपियों को मिल सकता है। यह देखना न्यायालय का काम है। न्यायालय ने अपने दायित्व को बखूबी निभाया है। इससे न्यायपालिका की साख बढ़ती है। लोगों का विश्वास भी न्याय व्यवस्था पर बढ़ता है। ट्रायल कोर्ट ने अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वहन किया है। यही कहा जा सकता है।*

## चिंतन-मनन

### संत की सीख

*एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो। जिस तरह कमंडल में कूड़ा करकट भरा है उसी तरह तुम्हारे दिमाग में भी बहुत सी ऐसी चीजें भरी हैं जो आत्मज्ञान के मार्ग में बाधक हैं। सबसे पहले पात्रता विकसित करो तभी तो आत्मज्ञान के योग्य बन पाओगे। यदि मन-मस्तिष्क में विकार तथा कुसंस्कार भरे रहेंगे तो एकाग्रता कहां से आएगी। एकाग्रता भी तभी आती है जब व्यक्ति शुद्धता से कार्य करने का संकल्प करता है। संत की बातें सुनकर सेठ ने उसी समय संकल्प लिया कि वह बेमतलब की बातों को मन-मस्तिष्क से निकाल बाहर करेगा।*

# जीवन का अधिकार, व्यवस्था का मजाक!

*वह सिर्फ निभा रहा है वह जिम्मेदारी, जो दरअसल, इस देश के स्वास्थ्य तंत्र को निभानी थी। यह दृश्य एक गहरी चुप्पी में लिपटा हुआ करुण क्रंदन है, जो हर संवेदनशील मन को झकझोर देता है। सरकारी अस्पतालों की बदहाली पर बातें नई नहीं हैं। पर समस्या यह है कि इन बातों का कोई अंत भी नहीं है। यह दृश्य टीकमगढ़ का है, पर क्या यह कहानी केवल वहां की है? झारखंड से लेकर राजस्थान, बिहार से लेकर मध्यप्रदेश तक, ऐसी अनगिनत कहानियां हर दिन जन्म ले रही हैं।*

**सोनम लववंशी**

टीकमगढ़ के सरकारी अस्पताल की वह तस्वीर सिर्फ एक फोटो नहीं है, बल्कि हमारे तंत्र की निर्वस्त्र होती वास्तविकता है। एक मासूम बच्चा अपने पिता की सलाइन की बोतल थामे खड़ा है – न उसका मन समझ पा रहा है कि यह बोझ क्यों थमा दिया गया, न ही उसकी मासूम आंखों में इस व्यवस्था के लिए कोई सवाल है। वह सिर्फ निभा रहा है वह जिम्मेदारी, जो दरअसल, इस देश के स्वास्थ्य तंत्र को निभानी थी। यह दृश्य एक गहरी चुप्पी में लिपटा हुआ करुण क्रंदन है, जो हर संवेदनशील मन को झकझोर देता है। सरकारी अस्पतालों की बदहाली पर बातें नई नहीं हैं। पर समस्या यह है कि इन बातों का कोई अंत भी नहीं है। यह दृश्य टीकमगढ़ का है, पर क्या यह कहानी केवल वहां की है? झारखंड से लेकर राजस्थान, बिहार से लेकर मध्यप्रदेश तक, ऐसी अनगिनत कहानियां हर दिन जन्म ले रही हैं। कहीं स्ट्रेचर न मिलने पर लोग मरीज को लकड़ी की पटरी पर लाद कर लाते हैं, तो कहीं एंबुलेंस समय पर नहीं आती और मरीज की मौत दरवाजे पर ही हो जाती है। इन घटनाओं को देखने के बाद भी अगर हम व्यवस्था से सवाल नहीं पूछेंगे, तो किससे पूछेंगे? हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन के अधिकार का हिस्सा मानी गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार स्पष्ट किया है कि स्वस्थ जीवन जीना नागरिक का मूलभूत अधिकार है। लेकिन जब सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, उपकरणों का अभाव, दवाइयों की अनुपलब्धता और लापरवाह प्रबंधन के दृश्य रोजाना सामने आते हैं, तो यह पूछना जरूरी हो जाता है कि क्या यह संवैधानिक अधिकार केवल कागजों तक सीमित रह गया है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट पर नजर डालें तो भारत अपनी जीडीपी का केवल 2 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च करता है, जबकि विकसित देशों में यह आंकड़ा 8 से 12 प्रतिशत तक है। भारत में प्रति 10,000 नागरिकों पर औसतन मात्र नौ डॉक्टर हैं, वहीं विकसित देशों में यह संख्या तीन से चार गुना



अधिक है। हमारे अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता सभी कुछ दयनीय स्थिति में है। टीकमगढ़ की घटना इसी ढांचे की गवाही देती है। यह दृश्य दरअसल, हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य तंत्र का लाइव एक्स-रे है। व्यवस्था के दावों की हकीकत कुछ और ही है। कागजों पर तो योजनाओं की भरमार है। फिर चाहे वो आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मिशन इंद्रधनुष, और न जाने कितनी घोषणाएं। पर जमीन पर सच्चाई यह है कि सरकारी अस्पतालों में या तो डॉक्टर नहीं मिलते या समय पर इलाज नहीं होता। मरीज को जीवन रक्षक दवाइयों के लिए भी बाजार की दौड़ लगानी पड़ती है, जबकि ये दवाइयां अस्पताल में मुफ्त मिलनी चाहिए थीं।

यह विडंबना ही है कि जिस देश ने कोविड महामारी के दौरान दुनिया को वैक्सीन देकर गौरव पाया, उसी देश में अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी से लोग दम तोड़ते देखे गए। जिन गांवों में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचे, वहां स्वास्थ्य सेवाओं का सपना किसी बेमौसम बरसात जैसा है। देश की स्वास्थ्य प्रणाली की तुलना अगर हम स्कैंडिनेवियन देशों जैसे नॉर्वे, स्वीडन या डेनमार्क से करें, तो अंतर चौंकाने वाला है। वहां स्वास्थ्य सेवा सार्वभौमिक, मुफ्त और सुलभ है। सरकारी अस्पतालों में इलाज इतना उत्कृष्ट है कि निजी अस्पतालों की जरूरत ही नहीं पड़ती। वहीं भारत में अमीर और गरीब के इलाज में जमीन-आसमान का फर्क है। गरीबों के लिए सरकारी अस्पताल ही एकमात्र सहारा हैं, और जब वहां भी उन्हें इस तरह अपमानित होना पड़े, तो सवाल उठता है कि क्या हमारा गरीब होना ही सबसे बड़ा अपराध है? टीकमगढ़ की यह तस्वीर दरअसल एक प्रतीक है उस व्यवस्था का, जिसने अपने कंधों से जिम्मेदारी का बोझ उतार कर बच्चों के मासूम हाथों में थमा दिया है। यह दृश्य केवल टीकमगढ़ के अस्पताल की दीवारों में नहीं कैद रहेगा; यह हमारे समाज की सामूहिक बेहोशी का आईना है। यह तस्वीर व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा है, जो हमें याद दिलाती है कि घोषणाओं और योजनाओं से जीवन नहीं बचते, जीवन बचता है व्यवस्था के प्रति ईमानदारी से।

यह भी याद रखना चाहिए कि स्वास्थ्य सेवा किसी सरकार की चैरिटी नहीं है, यह जनता का अधिकार है। टैक्स के रूप में जनता जो भुगतान करती है, उसका सबसे पहला उपयोग नागरिकों के जीवन की रक्षा में होना चाहिए। पर जब अस्पतालों में सलाइन की बोतल पकड़ाने के लिए मासूम बच्चों का सहारा लिया जाए, तो सवाल उठता है कि क्या सरकारें अपना धर्म निभा रही हैं? आखिर कब तक हम इन तस्वीरों को देखकर चुप रहेंगे? कब तक इन मासूम हाथों में जिम्मेदारी का बोझ थमाते रहेंगे? यह दृश्य केवल अस्पतालों की अव्यवस्था की नहीं, बल्कि हमारे संवैधानिक मूल्यों की भी हार है। यह उस सामाजिक करुणा की कमी का प्रतीक है, जो एक सभ्य समाज की पहचान होनी चाहिए। इस लेख को लिखते समय मन बार-बार टीकमगढ़ के उस बच्चे की ओर लौट जाता है। उसकी आंखों में झांकने पर एक अनकहा सवाल दिखाई देता है – पापा को ठीक करने के लिए बोतल पकड़ना तो मेरी जिम्मेदारी नहीं थी न? यह सवाल हम सब से है। यह सवाल सरकारों से है, नीतियों से है, और समाज से भी है। जब तक इस सवाल का जवाब नहीं मिलेगा, तब तक टीकमगढ़ की यह तस्वीर केवल एक खबर नहीं रहेगी, यह हमारी संवेदना पर लगा एक स्थायी धब्बा बन जाएगी।

## महान अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन ने दुनिया को कहा अलविदा

*भारत के महान वैज्ञानिक, दूरदर्शी नीति-निर्माता और शिक्षा शिल्पी पद्मविभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से विज्ञान भारती परिवार अत्यंत दुखी है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां देने वाले डॉ. कस्तूरीरंगन जी का विज्ञान भारती से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। विज्ञान को समाजोपयोगी बनाने के हमारे लक्ष्य में उनकी प्रेरणा हमेशा बनी रही। कस्तूरीरंगन का जन्म 24 अक्टूबर 1940 को कोचीन के सिद्धांत राज्य के अर्नाकुलम में सी.एम. कृष्णास्वामी अय्यर और विशालाक्षी के घर हुआ*

**संजय गोस्वामी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. कस्तूरीरंगन का 25 अप्रैल 25 को शुक्रवार को 84 वर्ष की आयु में कॉलेज में निधन हो गया, हमेशा अंतरिक्ष एजेंसी को अंतरग्रहीय मिशनों के अज्ञात क्षेत्र में ले जाने के लिए याद किया जाएगा भारत के महान वैज्ञानिक, दूरदर्शी नीति-निर्माता और शिक्षा शिल्पी पद्मविभूषण डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से विज्ञान भारती परिवार अत्यंत दुखी है। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां देने वाले डॉ. कस्तूरीरंगन जी का विज्ञान भारती से विशेष आत्मीय संबंध रहा है। विज्ञान को समाजोपयोगी बनाने के हमारे लक्ष्य में उनकी प्रेरणा हमेशा बनी रही। कस्तूरीरंगन का जन्म 24 अक्टूबर 1940 को कोचीन के सिद्धांत राज्य के अर्नाकुलम में सी.एम. कृष्णास्वामी अय्यर और विशालाक्षी के घर हुआ था। कस्तूरीरंगन के पूर्वज तमिल से थे और बाद में केरल की विभिन्न मान्यताएं बस गईं; उनके नाना पाल्क जिले के चित्तूर तालु के नल्लापल्ली अग्रहारम में बस गए और उनके पूर्वज त्रिशूर के पास चिट्ठूडी शहर में बस गए। कस्तूरीरंगन के नाना श्री अनंत नारायण नारायण अपने स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी तरह से एर्नाकुलम में एक सीनेटर इंस्पेक्टर बन गए। अपने अनुशासन और ईमानदारी के लिए उन्हें समुदाय में बहुत सम्मान दिया गया था। उनकी और उनकी पत्नी नारायणी की चार बेटियाँ और एक बेटा था, जिनमें सबसे बड़ी विशालाक्षी थी। कस्तूरीरंगन के दादा, चालकुडी मणिकम अय्यर, शिक्षा के महत्व पर ध्यान देते हुए, यह सुनिश्चित करते थे कि उनके सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। कस्तूरीरंगन के पिता महाराजा कॉलेज, एर्नाकुलम से रसायन विज्ञान में स्नातक थे। उन्होंने टाटा एयरलाइंस में विभिन्न रेलवे कंपनियों पर काम किया और इंडियन एयरलाइंस में वरिष्ठ लेखाकार अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुए। कस्तूरीरंगन और उनके भाई रवि ने अपनी माँ की मृत्यु के बाद अपने नाना-नानी की देखभाल में अपना प्रारंभिक बचपन एर्नाकुलम में रखा। दस साल की उम्र में, आपके दादा की अचानक मृत्यु के बाद, वे अपने भाई के साथ बॉम्बे (अब मुंबई) में अपने पिता के पास चले गए। 1969 में अपनी नींद पूरी करने के तुरंत बाद, कस्तूरीरंगन ने लक्ष्मी से शादी कर ली। उनके दो बेटे हैं, राजेश और संजय। उनकी पत्नी की मृत्यु 1991 में हो गई। कस्तूरीरंगन ने अपनी स्नातक शिक्षा श्री राम वर्मा हाई स्कूल से की। कस्तूरीरंगन ने रामनारायण रुइया कॉलेज मुंबई से विज्ञान में सम्मान के साथ स्नातक की डिग्री प्राप्त की, और मुंबई विश्वविद्यालय से पीएचडी



की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1971 में पुरालेख के भौतिक अनुसंधान अध्ययन में उच्च ऊर्जा खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान के भंडार में 240 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित किए। 2009 विक्रम साराभाई गोल्ड मेडल भारतीय विज्ञान कांग्रेस पुरस्कार, 2007 थियोडोर वॉन कर्मन पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान अकादमी, 2003 आर्यभट्ट एस्ट्रो पुरस्कार नॉटीकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, 2000 पद्म विभूषण भारत सरकार, 1981, इंटरकॉसम। पुरस्कार सोवियत एकेडमी ऑफ साइंसेज आदि को प्राप्त हुआ। 1998 में भारत के परमाणु परीक्षण के बाद भारत पर प्रतिबंध और भी लागू हो गया, भारत पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा और अपने देश में विकसित की गई कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में ही इसरो ने आत्मनिर्भरता की राह पर चलते हुए शिखर और चंद्रयान जैसे बड़े मिशनों की योजना बनानी शुरू की। कस्तूरीरंगन के बाद में सागर के सदस्य बने और फिर से सत्ता योजना आयोग के सदस्य बने। वे कई अन्य सलाहकार भी सरकार की सेवा में हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा, प्रौद्योगिकी और यहां तक कि पर्यावरण तक सरकार को सलाह देने वाले कई विद्वानों का नेतृत्व किया या उनका हिस्सा रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक संदेश में कहा, भारत की वैज्ञानिक और स्टार्टअप यात्रा में एक महान वैज्ञानिक डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र के लिए उनके दूरदर्शी नेतृत्व और निार्थ के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने इसरो की बहुत मेहनत से सेवा की, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई कंपनी में शामिल किया, जिसके लिए हमें वैश्वि बहु योगदान-चाहे वह विज्ञान हो, शिक्षा हो या नीति-निर्माण-भारत के राष्ट्रनिर्माण में मीलों का पत्थर है। हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ने वैज्ञानिक पत्रिका के जनवरी-मार्च 21 के अंक में डॉ. विक्रम साराभाई शताब्दी महोत्सव की रिपोर्ट प्रकाशित की थी कि वैज्ञानिक परिवार की ओर से हम सभी उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि ईश्वरीय आत्मा को शांति प्रदान करें।

## पाक को कड़ा जवाब देने को कार्यवाही जारी है!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

*जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ चरमपंथी हमला सन 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुआ सबसे घातक हमला माना जा रहा है, जिसमें 28 भारतीय पर्यटक मारे गए है।मारे जाने वाले लोगों में कोई सैनिक या अधिकारी नहीं थे, बल्कि भारत की सबसे ख़ूबसूरत घाटी में घूमने आए वे पर्यटक थे, जो यहां अपनी खुशी ढूंढने आए थे, लेकिन बदले में उन्हें मौत मिल गई।पूरे कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान दोनों दावा करते हैं, जम्मू कश्मीर के अलग-अलग हिस्से पर दोनों का शासन भी है, लेकिन तनाव फिर भी कभी खत्म नही हुआ और धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला कश्मीर हिंसा की धरती बनकर रह गया है इस आतंकी हमले के बाद भारत ने कई जवाबी क़दम उठाए हैं, जिनमें मुख्य रूप से बॉर्डर क्रासिंग अटारी को बंद करना, पाकिस्तान के साथ महत्वपूर्ण सिंधु जल संधि को निलंबित करना और पाकिस्तानी राजनयिकों को देश से निकालना शामिल है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उक्त हमले पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है और वादा किया है कि सिर्फ़ हमलावरों पर ही नहीं, बल्कि भारतीय धरती पर इस नापाक हरकत के पीछे के साजिश रचताओ पर भी कार्रवाई होगी।जिससे देश को उम्मीद बंधी है कि हमें जल्दी ही कड़ी कार्रवाई देखने को मिल सकती है, जो भारतीय जनता को राहत और पाकिस्तान के लोगों के लिए कड़ा संदेश होगी। सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए घातक हमले में 19 भारतीय सैनिकों की मौत हुई थी, इसके बाद भारत ने नियंत्रण रेखा के पार सर्जिकल स्ट्राइक की थी और दावा किया था कि पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में मौजूद चरमपंथियों के ठिकाने को निशाना बनाया गया।लेकिन शायद दुश्मन का फन उस समय पूरी तरह से नही कुचला गया तभी तो सन 2019 में ही पुलवामा में हमला हो गया, जिसमें अर्द्धसैनिक बलों के 40 जवानों की मौत हो गई थी।इसके बाद भारत ने बालाकोट में कथित चरमपंथी कैंपों पर हवाई हमले किए थे।जिसे सन 1971 के बाद पहली बार भारत ने पाकिस्तान के अंदर तक हमला किया था।पाकिस्तान ने जंगी विमानों से इसका जवाब दिया और लड़ाकू विमानों के बीच संघर्ष में एक भारतीय पायलट को बंदी बना लिया था। इसमें दोनों तरफ़ से शक्ति प्रदर्शन किया गया, लेकिन पूर्ण युद्ध को टाल दिया गया।अब वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। इस बीच भारतीय वायुसेना ने युद्धाभ्यास किया है।पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सेना का एक्शन जारी है।हमले में आतंकी आसिफ शेख का नाम आया था, आतंकी आसिफ शेख का घर ब्लास्ट में उड़ा दिया गया।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बॉर्डर पर तनाव बढ़ने के बाद अब सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जल्द ही श्रीनगर और उधमपुर के लिए रवाना होंगे। वे कश्मीर घाटी में तैनात वरिष्ठ सेना कमांडरों और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।जनरल उपेंद्र द्विवेदी घाटी में चल रही सुरक्षा स्थिति और नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान सेना द्वारा युद्धविराम उल्लंघन की कोशिशों की समीक्षा भी करेंगे।पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा के पास कुछ जगहों पर गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने इसका करारा जवाब भी दिया है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा में आतंकियों के होने की खबर के चलते अजास के बाजीपोरा के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। सर्च ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी की आवाज सुनाई दी है। इस क्षेत्र में 1-2 आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना थी, जिनके अब भारतीय सेना के चंगुल में फंसने की संभावना है।*

## खास बात

### पाक हड़बड़ाया, सेना और राजनेताओं के बीच जंग

पहलगाम की घटना के बाद भारत ने जो प्रतिक्रिया पाकिस्तान को दी थी। उसके बाद पाकिस्तान ने भी जंग करने की धमकी दी। भारत ने यदि पाकिस्तान का पानी रोका, तो खून बहेगा, यह कहकर पाकिस्तान ने कड़े तेवर दिखाएं हैं। पहलगाम की घटना के बाद पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान के राजनेताओं के बीच जबरदस्त मनमुटाव देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान की सत्ता पर सेना का दबदबा होता है। लेकिन जिस तरह की स्थिति अभी बनी है। पहली बार पाकिस्तान की सेना मे घबराहट देखने को मिल रही है। पाकिस्तान की सेना को लगता था। भारत के साथ जंग होगी, ऐसी स्थिति में अमेरिका और चीन का समर्थन उसके साथ होगा। अमेरिका और चीन ने भारत के खिलाफ जंग में पाकिस्तान का साथ देने से इनकार कर दिया है। इससे पाकिस्तानी सेना के भी हाथ पैर फूल गए हैं। पाकिस्तान के नेता तो पहले ही घबराए हुए थे। अब सेना में भी घबराहट फैल गई है। पाकिस्तान के नेता अब चीन अमेरिका और रूस से गुहार लगा रहे हैं। वह हस्तक्षेप करके मामले को सुलझाने में पाकिस्तान की मदद करें।

### गरीबों के पोप चले गए

कैथोलिक समुदाय के ईसाई धर्म गुरु पोप फ्रांसिस का वेटिकन सिटी में निधन हो गया। वह 88 साल के थे। 1300 वर्षों की पोप परंपरा में सबसे अलग तरह के पोप थे। वह पोप के आलीशान महल में नहीं रहे। साधारण घर में उन्होंने निवास किया।पोप की सोने की अंगूठी की जगह चांदी की अंगूठी पहनी। महंगी महंगी कारों के स्थान पर छोटी कारों, ट्रेन और बसों में चलना उन्होंने पसंद किया। गरीबों के लिए दिन हो या रात, उनसे मिलने और मदद करने में उन्होंने कभी कोई गुरेज नहीं किया। गरीबों की हर संभव मदद की।पोप के द्वार बिना किसी भेदभाव के हर समुदाय के लिए खुले हुए थे।पोप आधुनिक विचारधारा के साथ जुड़कर समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम सेक्स के कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर विवाह को मान्यता देने जैसे मामले में उन्होंने उदारता का परिचय दिया। वह सभी के विचारों का सम्मान करते थे। दुनिया के वह ऐसे धर्म गुरु हुए हैं। जिन्होंने सभी धर्मों का सम्मान करते हुए एक नई इबारत लिखकर अपने जीवन को पूर्ण किया है।

### विपक्ष ने सरकार को दूल्हा बना दिया

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नरसंहार में 27 पर्यटक मौत के घाट उतार दिए गए थे इस घटना के बाद जम्मू कश्मीर के लोगों ने घटना के विरोध में जम्मू कश्मीर को बंद रखा पर्यटकों को बचाने में घाटी के एक मुसलमान की मौत हुई तीन मुसलमान और इसाई की भी मोत इस घटना में हुई है। विपक्ष ने भी एक इस घटना का विरोध करते हुए सर्व दिल्ली बैठक में सरकार को पाकिस्तान और आतंकवाद के मामले में सरकार के हर फैसले में समर्थन देने की बात कही है। इस स्थिति में अब सरकार के गले में घंटी बंध गई है। सरकार घंटी बजायेगी विपक्ष और जनता सरकार के पीछे चलकर सरकार का साथ देगी। जो करना है वह सरकार को ही करना है। इस घटना पर भाजपा जो राजनीति करना चाहती थी। वह मौका उसके हाथ से निकल गया है।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि 30, रविवासरे, अश्वनी नक्षत्रे, प्रीत योगे, गर करणे, मेष की चंद्रमा, अमावस्या 30 भरणीयाम, रवि मूल समाप्त रात्रि 12/36 सर्वार्थ सिद्ध 12/33 तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल:** आज जन्म लिया बालक जिद्दी-हठी, स्वाभीमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्यमी, धनी होगा।

**मेष राशि**- किसी शुभ समाचार मिलने से प्रसन्नता, हर्ष होगा, कार्यगति एवं व्यावसाय उत्तम होगा।

**वृष राशि**- मनोवृत्ति संतोषशील रहेगी, कार्यगति में अनुकूलता, चिंता कम होगी, ध्यान रखें।

**मिथुन राशि**- किसी प्रलोभन से हानि, मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, कार्यगति अनुकूल रहेगी।

**कर्क राशि**- अनायास यात्रा में उद्विघ्नता बनेगी, स्त्री वर्ग से विवाद व परेशानी बनेगी।

**सिंह राशि**- विरोधियों के षणयंत्र से मानसिक परेशानी बनेनी, सतर्कता से कार्य अवश्य निपटायें।

**कन्या राशि**- शरीर कष्ट, लाभ, राजभय, उद्योग-व्यापार में उलझन, आंशिक लाभ होगा।

**तुला राशि**- धार्मिक लाभ, कष्ट, अनाप-सनाप व्यय होगा, परेशानी अवश्य ही बनेगी।

**वृश्चिक राशि**- राज बाधा, उलझन, यात्रा से कष्ट, गृहकार्य, राजकार्य में रुकावट बनेगी।

**धनु राशि**- शत्रुभय, मुकदमे में जीत, रोगभय किन्तु व्यापार में सुधार अवश्य होगा।

**मकर राशि**- व्यापार में लाभ, शत्रुभय, धन सुख, धार्मिक खर्च बढ़ेगा, कुछ अच्छे कार्य होंगे।

**कुंभ राशि**- कलह, व्यर्थ खर्च, कार्य सफलता, विरोधी असफल रहें, व्यापार में सुधार अवश्य होगा।

मीन राशि- स्वजन सुख, पुत्र चिन्ता, सुख की हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**27 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.33 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मिथुन | 08.31 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.44 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.00 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.12 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.23 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.38 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.54 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.59 बजे से |
| | | कुंभ | 01.45 बजे से |
| | | मीन | 03.18 बजे से |
| | | मेष | 04.49 बजे से |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

**रविवार** 2025 वर्ष का 117 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 01.01 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 00.19 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** चतुष्पद 14.56 बजे तदनन्तर नाग 01.01 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 51'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872327
**जूलियन दिन** 2460792.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 28
**विशेष** वैशाख अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# बाल विवाह रोकथाम हेतु परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने बताया कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में अक्षय तृतीया और अन्य विवाह मुहूर्तों के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए लाडो अभियान के तहत परियोजना स्तर एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ने बताया कि बाल विवाह की सूचना जिला स्तर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस सहायता नंबर 100, महिला हेल्पलाइन 181 एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम नम्बर 07574-252251, 8319517190 पर उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके अलावा, परियोजना स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जिसमें अनिल कुमार चौधरी परियोजना अधिकारी बनखेडी दूरभाष नम्बर 9588443053 एवं 07574-528343, अनिल कुमार चौधरी परियोजना अधिकारी पिपरिया 9588443053 एवं 07574-224963, श्रीमती जसिंता तिग्गा परियोजना अधिकारी सोहागपुर 9424437438 एवं 07574-278144, श्रीमती सुषमा चौरसिया परियोजना अधिकारी माखन नगर 7999584492 एवं 07574-259349, प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी मबावि नर्मदापुरम ग्रामीण 9893611099 एवं 07574-254148, श्रीमती प्रीति यादव परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम शहरी 9893310130 एवं 07574-250469, श्रीमती दीप्ति शुक्ला प्रभारी परियोजना अधिकारी इटारसी 7974144824 एवं 07572-266434, योगेश घाघरे परियोंजना अधिकारी मबावि केसला 8989150789 तथा श्रीमती रेखा यदुवंशी प्रभारी परियोजना अधिकारी सिवनीमालवा 07574-225333 नम्बर पर बाल विवाह की सूचना लपब्ध कराई जा सकती है।

# बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला, विकासखण्ड, ग्राम एवं वार्ड स्तर पर निगरानी दल गठित

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

संचालनालय महिला एवं बाल विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार, देवउठनी एकादशी के बाद विवाह मुहूर्तों के अवसर पर बडी संख्या में एकल एवं सामूहिक विवाहें का आयोजन किया जाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला, विकासखण्ड, ग्रम एवं वार्ड स्तर पर निगरनी दलों का गठन किया है।



जारी आदेशानुसार कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा गठित दल में जिला स्तरीय निगरानी दल में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य/सचिव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र, प्रशसक वन स्टाप सेंटर एवं सत्यार्थी फाउण्डेशन सहस्य के रूप में शामिल है।

इसी तहर ब्लॉक स्तरीय निगरानी दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, तहसीलदार, खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी/बीआरसी सदस्य एवं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग , विकासखंड समन्वय जन अभियान परिषद, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नेहरू युवा केन्द्र, पैरालीगल वालेटियर विधिक सेवा एवं स्वैच्छिक संगठछन के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल है।

ग्राम पंचायत/वार्ड स्तरीय निगरानी दल में सरपंच/वार्ड परिषद अध्यक्षता, पंचायत सचिव, पटवारी, समस्त शिक्षक सदस्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएएनएम स्वास्थ्य विभाग, मातृ सहयोगिनी समिति, शौर्य दल सदस्य तथा स्व सहायता समूह की महिलाएं सदस्य के रूप में शामिल हैं। इन निगरानी दलों का उद्देश्य बाल विवाह की घटनाओं को रोकना और सुनिश्चित करना है कि विवाह योग्य आयु सीमा का पालन किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार



### पहलगाम आतंकी हमले में मृत लोगों को रजक समाज ने दी श्रद्धांजलि , समाज बोला - आतंकियों पर जल्द हो कार्यवाही

**नर्मदापुरम।** पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत में मृत हुए निर्दोष हिंदुओं को रजक समाज नर्मदापुरम के पदाधिकारियों ने शनिवार शाम को परमहंस घाट स्थित संत गाड़गे प्रतिमा स्थल पर दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान रजक समाज ने एक स्वर में इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि भारत सरकार को जल्द ही इस कायराना हरकत में शामिल आतंकवादियों पर कार्यवाही करना चाहिए साथ ही देश के अंदर छुपे हुए गद्दारों को भी सबक सिखाने चाहिए। इस अवसर पर रजक समाज जिलाध्यक्ष महेश बाथरे , नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी , वीरेंद्र तिलोटिया , कैलाश कन्नौजिया , रामगोपाल मालवीय , अमित मालवीय , मुन्नालाल रजक , शंकर परदेशी , दुर्गेश सोनिया, शेरसिंह मालवीय , बलराम भारके, संतोष भारके, मदन मालवीय , लल्लू मालवीय , मनोज कुमार मालवीय , अनिल बनोरिया , शैलेंद्र कनौजिया , विनोद बाथरे सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आज

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर किया जाएगा। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने-अपने मंडल एवं बूथ पर एकत्र होकर प्रधानमंत्री के संदेशों को सुनें और उनके विचारों को आमजन तक पहुंचाएं। श्रीमती शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम को सुनने के बाद संगठन ऐप पर अपनी उपस्थिति की फोटो अपलोड करें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि भाजपा जिला संगठन द्वारा बूथ स्तर तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

### नपाध्यक्ष और उनकी परिषद ने दी पहलगाम में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम।** नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और उनकी परिषद द्वारा कश्मीर के पहलगाम में हुई दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। सभी ने दिवंगतों के लिए दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की । श्रद्धांजलि सभा में नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं नगरपालिका में सभापतिगण आरती बैस, प्रेमा पांडेय, निर्मला राय, रिचा तिवारी, शिल्पा गौर, संध्या कुशराम, कंचन चौकसे, सुषमा खत्री, दीपिका राठौर, राजकुमारी मेषकर, पूजा मालवीय, नैना सोनी, सिमरन रैकवार एवं पार्षद रेखा यादव उपस्थित रहीं।

### नर्मदापुरम में अचानक बदला मौसम

# शनिवार सुबह हुई बूंदाबांदी, दोपहर तक नहीं निकली धूप, स्थिर रहेगा तापमान

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नर्मदापुरम जिले में शनिवार सुबह मौसम में बदलाव हुआ और तड़के 5 बजे कुछ देर के लिए हुई बारिश और आसमान में छाए बादलों के कारण दोपहर 12.30 बजे तक धूप नहीं निकल पाई। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वीएस यादव के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से नर्मदापुरम में 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। दोपहर में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश की संभावना केवल शनिवार तक सीमित है और रविवार से मौसम साफ रहेगा।

**लोगों को धूप और गर्मी से मिली आंशिक राहत:** बता दें कि, पिछले दो दिनों से बादलों की मौजूदगी और तेज हवाओं के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को तापमान स्थिर रहने की संभावना है, जबकि सोमवार से इसमें वृद्धि हो सकती है।

गौरतलब है कि पिछले 15 दिनों से झुलसाने वाली धूप और गर्मी से लोग परेशान थे। आज सुबह हुई बारिश से वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है।



**इटारसी में 10 मिनट हुई हल्की बारिश:** इटारसी में शनिवार सुबह 6 बजे गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश 10 से 15 मिनट तक जारी रही। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बारिश के बाद से आसमान में बादल छाए हुए हैं। धूप अभी तक नहीं निकली है। शहर का सुबह तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बेमौसम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन मौसम में बदलाव की वजह से तापमान में गिरावट हो सकती है। पिछले कुछ दिनों से शहर में दिन का तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था।

### सिवनी मालवा में 15 मिनट तक हुई बारिश

सिवनी मालवा में शनिवार सुबह 4 बजे मौसम ने करवट बदली। तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और बारिश हुई। बारिश 15 मिनट तक जारी रही। इसके बाद से आसमान में बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में दिन का तापमान अधिक रहा। रात में तापमान में गिरावट देखी गई। शुक्रवार की देर रात से आसमान में घने बादल छाए थे। मौसम विभाग के अनुसार 24 अप्रैल गुरुवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री और अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा। 25 अप्रैल शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 26 डिग्री और अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार सुबह से बादल छाए होने और बूंदाबांदी के कारण गर्मी का असर कम महसूस हो रहा है।

# बाहर से आए हुए दुकानदारों की जांच कराये प्रशासन - अमृता मनीष ठाकुर

**इटारसी ■ निसं**

पार्षद एवं सभापति अमृता मनीष सिंह ठाकुर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद इटारसी को एक पत्र देकर बाहर से आए व्यापारियों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे कई लोग फुटपाथ पर दुकान लगाते हैं, जिनकी यहां कोई पहचान नहीं होती है, इनकी जांच होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से, हमारे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फुटपाथ पर दुकान लगाने बाले की संख्या बढ़ती जा रही है। यह दुकान लगाने वाले कौन हैं, कहां से आए हैं, उनकी क्या आइडेंटिटी है, इनका पता लगाना जरूरी है। इन दुकानों के कारण राहगीरों को चलने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर व्यस्त समय में, फुटपाथ पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाते हैं, जिससे लोगों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, इन दुकानों के आसपास अक्सर गंदगी फैली रहती है, जो शहर की स्वच्छता को भी प्रभावित करती है। श्रीमती ठाकुर ने सीएम से निवेदन किया है कि इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए फुटपाथ पर अवैध रूप से दुकान लगाने वालों की जांच कराएं और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करें। फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराना आम नागरिकों के हित में अत्यंत आवश्यक है।

### विधायक का असर

# पुलिस ने तीस हजार रुपये कीमती की अवैध शराब के साथ दो को गिरफ्तार किया



**इटारसी ■ निसं**

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की समीक्षा बैठक का असर दिखाई देने लगा है। जहां नगर प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के विरोध में कदम उठाने प्रारंभ किये हैं, वहीं पुलिस को बैठक में मिले निर्देश के बाद अब अवैध शराब के कारोबारियों पर नकेल कसना प्रारंभ हो गया है।

पुलिस ने बीती रात 18 बंगला में मजार के पास से अवैध शराब बेचते हुए दो आरोपियों को लगभग 30 हजार रुपए की शराब के साथ गिरफ्तार किया है। टीआई गौरव सिंह बुंदेला के अनुसार गरीबी लाइन निवासी विपिन कुमार एवं विक्की कुचबंदिया लंबे समय से 18 बंगला के साथ ही आसपास के क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री कर रहे थे। बीती रात मुखबिर ने 18 बंगला में इन दोनों के द्वारा अवैध शराब बेचे जाने को सूचना दी थी।

सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम को भेजा गया जहां अंग्रेजी एवं देशी शराब के साथ विपिन को पकड़ा था। मौके से विक्की कुचबंदिया भाग गया था। विपिन के बयान के आधार पर आज विक्की को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से अंग्रेजी एवं देशी शराब 42 लीटर जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34(1) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा लगातार शहर में गश्त कर अवैध कार्य करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। आगे भी पुलिस की कार्यवाही अपराधों को रोकने के लिये लगातार जारी रहेगी।

# बालागंज में बन रहे मंगल भवन और रामलीला मैदान का नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया निरीक्षण

### कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा बालागंज वार्ड क्रमांक 04 पार्षद राजकुमारी मेषकर के वार्ड में बन रहे मंगल भवन और रामलीला मैदान में बन रहे स्टेडियम का निरीक्षण शनिवार को किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने को कहा गया। स्टेडियम के आसपास सभी नाले नालियों में स्वच्छता अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के उपयंत्री महेंद्र तोमर, वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद राजकुमारी मेषकर के प्रतिनिधि पूनम मेषकर और वार्डवासी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष श्रीमती यादव का आभार जताया। वहां के



निवासियों ने बताया कि पूर्व में यहां गंदगी का अंबार के साथ ही आवारा मवेशी जमघट रहता था। उनके बच्चों को यहां पूर्ण सुज्जित एक खेल मैदान मिल गया है। इसके बनने से यहां के लोगों में हर्षोल्लास है। पार्षद प्रतिनिधि पूनम मेषकर ने बताया कि नवनिर्मित मंगल भवन यहां के निवासियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। यहां के लोगों को मांगलिक भवन बहुत उपयोगी साबित होगा।

### आयुष विभाग द्वारा देवारणय योजना अंतर्गत अश्वगंधा की खेती का प्रशिक्षण दिया गया

**नर्मदापुरम।** आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के द्वारा चलाई जा रही देवारण्य योजना के अंतर्गत आयुष विभाग नर्मदापुरम मे जिला आयुष अधिकारी डॉ विमला गढ़वाल निर्देशन में शनिवार 26 अप्रैल 2025 को ब्लॉक सिवनी मालवा के ग्राम पंचायत शिवपुर में ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कौशल के मार्गदर्शन मे भोपाल से आये कृषि विशेषज्ञ सुशील कुमार भार्गव के द्वारा अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र के किसानों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में अश्वगंधा की खेती से संबंधित जानकारी प्रदान की गई, प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत शिवपुर के सरपंच प्रतिनिधि श्री सन्देश यादव, ग्रामीण विकास उद्यानिकी विस्तार अधिकारी शांतिलाल पटेल, सचिव अरविन्द दायमा, सह सचिव मुकुल यादव, ग्राम के सम्मानीय नागरिक एवं कृषक देवेश यादव, सुदीप दीवान, अभिषेक मेहरा, प्रदीप साहू,रघुनाथ सिंह राजपूत, महेश गिरी, शिव प्रसाद यदुवंशी उपस्थित रहे।

# कश्मीर के बलिदानियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा - शिव राठौर

**सिवनी मालवा ■ निसं**

कश्मीर के पहलगांव में हुए मुस्लिम आतंकी हमले में 28 निर्दोष हिंदुओं की निर्गमतापूर्वक हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद के 25 अप्रैल देशव्यापी विरोध में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया नागरिकों राष्टभक्तों ने मृतात्माओं को श्रृद्धांजलि अर्पित कर रोष व्यक्त कर किया विरोध प्रदर्शन दी गई पुष्पांजलि। उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला धर्म यात्रा महासंघ प्रमुख राजू राय ने बताया कि पिछले दिनों कश्मीर के पहलगांव में मुस्लिम आतंकवादियों ने धर्म पूछकर 28 निर्दोष हिंदुओं की निर्गमतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी थी इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद द्वारा 25, अप्रैल को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के आव्हान में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिवनी मालवा नगर समिति द्वारा स्थानीय जय स्तंभ चौक पर



शाम 6 बजे से मृतात्माओं की शांति हेतु श्रृद्धांजलि सभा रखी गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगांव में भीषण आतंकी घटना हृदय को चीरने बाली घटना हे जिस प्रकार यात्रियों के पेंट उतारकर कलमा पूछकर आई डी चीखकर जब यह सुनिश्चित हो गया कि बो मुस्लिम नहीं हे उनका नरसंहार किए गया इस अमानवीय घटना से संपूर्ण देश स्तब्ध और आक्रोशित हे यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा हे ।कुछ लोग कहते आतंकवादी का कोई मजहब नहीं होता अवश्य होता हे पूरा देश इस समय गुस्से में है हिंदू के धैर्य को कायरता ना समझे जिहादी सरकार पहलगांव बलिदानियों का बदला ले जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी ने कहा कि अब भारत भूमि पर अब हिंदुओं की नृशंस हत्या स्वीकार नहीं जिस प्रकार से यात्रियों को धर्म पूछकर मारा गया समाज को भी चाहिए कि धर्म पूछकर व्यवहार करे सरकार को शीघ्र बड़ी कार्यवाही करना होगा । श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनसमुदाय मातृशक्ति ने पुष्प अर्पित कर 2 मिनिट मोन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से परिवार जनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे कामना की गई । श्रृद्धांजलि सभा में घटना पर आक्रोश व्यक्त करने एवं बलिदानियों को विनम्र श्रद्धांजलि प्रगट करने एवं बलिदानियों को विनम्र श्रद्धांजलि प्रगट करने के लिए सकल हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर समिति सिवनी मालवा के जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी जिला सेवा प्रमुख अनिल यादव जिला धर्मयात्रा महासंघ प्रमुख राजू राय नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रितेश जैन महेश गोयल विनोद लोवंशी अजित सिंह राजपूत शिक्षक संतोष शर्मा अभिषेक शर्मा दीपक पालीवाल शैलेंद्र गोर नंदकिशोर व्यास कुंदन श्रीवास कमलेश लोवंशी नरेंद्र रघुवंशी पार्षद ईश्वर जमींदार पार्षद डा किरण राठौर सरिता पांडे विहिप नगर अध्यक्ष डा सौरभ रघुवंशी उत्तम डंपी तंवर प्रकाश जायसवाल निलेश राठौर जितेंद्र राठौर हरिओम रघुवंशी विवेक शर्मा लक्की राठौर मुकेश धन्यासे नगर संयोजक भुरू बग्गन नगर सह सेवा प्रमुख सुशील गोहर नरेंद्र गोलू सोनी दुर्गावाहिनी नगर प्रभारी चंचल पटवा वीरू गनगोरे संजय जगताप तरुण सुनानिया देव बाथब नैतिक विश्वकर्मा राधा विश्वकर्मा अंजली शर्मा अनमोल लोवंशी प्रज्ञा दुबे महेश कुचबंदिया कम्मू गौर पूनम सेन के साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण नागरिक जन मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# श्री समर्पण श्री द्वारा चलाया गया स्वच्छता हेतु हस्ताक्षर अभियान



**नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन**

नगर में फेल रही गंदी और दुर्गन्ध से पनपती बीमारियों को लेकर सीएमओ मैडम और कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया। ताकि आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके बाद भी उनके द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया, संस्था द्वारा आज नगर में स्वच्छता को लेकर प्रयास जिसमें आज इंदिरा चौक पर व्यापारियों द्वारा स्वच्छता को लेकर चर्चा की गई, जिसमें उन्हें बढ़चढकर हिस्सा लिया और नगर में फैल रही गंदगी को लेकर अपनी चिंता जताई उनके द्वारा यह कहा गया की नगर में कोई भी स्वच्छता नहीं है और संस्था द्वारा उठाए गए कदम काफी सराहनीय है।

हस्ताक्षर अभियान में स्वदेश सैनी, अमर शर्मा,अंकित सराठे, वीरू पटवा, रहमान खान, राज खिल्लारे, विशाल चावरिया, शुभम मालवीय, दुर्गेश मालवीय, ललित मीना,विष्णु ठाकुर, रोहित कलोसिया, अमित मीना, नितेश भलावी, राहुल कलोसिया, कान्हा चौहान, राजू आशरे सहित अन्य समिति के सदस्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल सबसे अधिक शून्य पर आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं रोहित

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल पहले नंबर पर हैं। मैक्सवेल 140 मैच की 134 पारियों में सबसे अधिक 19 बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान और मुंबई इंडियंस के लिए सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। रोहित रोहित 265 मैच की 260 पारियों में 18 बार शून्य पर आउट हुए। हालांकि, रोहित इस सत्र में शुरुआती असफलता के बाद फॉर्म में लौट आए है। उन्होंने पिछली दो पारियों में अर्धशतक भी लगाये हैं। रोहित ने पिछली दो पारियों की बात करें तो उन्होंने पहले सीएसके और फिर सनराजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगातार अर्धशतक लगाये। रोहित के हैदराबाद के खिलाफ रोहित ने 70 रनों की पारी खेली।

### धोनी ने हार के लिए खराब बल्लेबाजी को जिम्मेदार बताया

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार पर निराशा जाहिर करते हुए कहा है कि टीम बल्लेबाजों के विफल होने के कारण हारी है। धोनी ने माना है कि उनके बल्लेबाज हालात का लाभ नहीं उठा पाये। उन्होंने कहा कि टीम ने 15 से 20 रन कम बनाए हैं। इस मैच में सीएसके टीम ने 19.5 ओवर में 154 रन बनाये।. उसकी ओर से पहली बार खेल रहे डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में चार छक्कों और एक चौके की सहायता से सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने भी 19 गेंद में छह चौके लगाककर 30 रन बनाये।. इन दोनों के अलावा दीपक हुड्डा और रविंद्र जडेजा 20 से 21 रन बना पाये।

### स्पिनरों के सामने संघर्ष कर रहे जडेजा

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिाफ पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में जहां सीएसके के सभी बल्लेबाज तेज गेंदबाजों पर आउट हुए, वहीं ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज स्पिनर का शिकार बने। इससे एक बार फिर जडेज की स्पिनरों के खिलाफ कमजोर सामने आ गयी है। जडेजा को श्रीलंकाई स्पिनर कामिंदु मेंडिस ने आउट किया। जडेजा ने 17 गेंदों पर 21 रन बनाये। जडेजा आईपीएल 2018 के बाद से ही को स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते आये है।

## आरसीबी की ओर से विराट का लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा

# आज होगा दिल्ली और आरसीबी में मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं आरसीबी की ओर से विराट का लक्ष्य बड़ी पारी खेलना रहेगा। दोनो ही टीमें अंक तालिका में दूसरे ओर तीसरे नंबर पर हैं। ऐसे में दोनो ही जीत की दावेदार मानी जा रही हैं। दोनो के पास ही अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।

दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है, ऐसे में दोनो ही अपनी ओर से जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। फ़िरोज़ शाह कोटला आरसीबी विराट का घरेलू मैदान रहा है और विरोधी टीम में होने के बावजूद उन्हें यहां दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है। कोहली इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और उनपर सभी की नजरें रहेंगी। वहीं दिज्ली की ओर राहुल ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये





हैं। अभी भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं है लेकिन आईपीएल में विकेट के आगे और विकेट के पीछे अच्छे प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय चयन समिति निश्चित तौर पर उनके नाम पर विचार करेगी। वहीं इस मैच में सभी की नजरें आरसीबी के तेज गेंदबजा जोश हेज़लवुड और कैपिटल्स के मिचेल स्टार्क के प्रदर्शन पर भी रहेंगी। हेज़लवुड टूर्नामेंट में 16 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 19वें ओवर में शानदार प्रदर्शन करके आरसीबी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं स्टार्क ने भी छोड़ने में पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने भी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में दोनो के बीच रोमांचक टक्कर होने की संभावना है।

स्पिनर के तौर पर दिल्ली के कुलदीप यादव हैं। उन्होंने विरोधी टीम को काफी नुकसान पहुंचाया है। आठ मैचों में 12 विकेट लेने के अलावा, बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने 6.50 रन प्रति ओवर की किफायती दर से रन दिए हैं। ऐसे में आरसीबी के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। वहीं सुयश शर्मा ने भी आरसीबी की तरफ से अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### दोनो ही टीमें टीम इस प्रकार हैं-

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक-फ्रेजर मैकगर्क, करुण नायर, फाफ डुप्लेसिस, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विपराज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार एल, त्रिपुराण विजय, माधव तिवारी, मिचेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चमीरा, कुलदीप यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), फिल साल्ट, विराट कोहली, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, यश दयाल, देवदत्त पडिक्कल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लुंगी एनगिडी, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।



## पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के क्रिकेट संबंध नहीं रखे भारत: गांगुली

***कोलकाता, एजेंसी।*** *भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि पाकिस्तान से क्रिकेट संबंध पूरी तरह से समाप्त कर देने चाहिये। भारतीय टीम पिछले एक दशक से ज्यादा समय से पाक के साथ केवल आईसीसी इवेंट्स या एशिया कप में ही खेलती रही है पर गांगुली का माना है कि भारत को किसी भी स्तर पर पाकिस्तान से नहीं खेलना चाहिए। गांगुली ने कहा, पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार से संबंध तोड़ना जरुरी है। अब सख्त कार्रवाई के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह कोई मजाक नहीं है। ऐसी चीजें अलग-अलग प्रकार से हर साल हो रही हैं। आतंकवाद को सहन नहीं किया जा सकता। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनीतिक संबंधों के कारण ही भारतीय टीम ने साल 2008 के बाद से पाक का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तान में भारत ने अंतिम बार एशिया कप में हिस्सा लिया था। हालांकि, दोनों देशों के बीच 2012-13 में आखिरी बार द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी। हाल ही में आयोजित हुई आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले भी भारतीय टीम ने दुबई में खेले थे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने साल 2024-27 चक्र में सभी आईसीसी आयोजनों के लिए हाइब्रिड मॉडल पर फैसाल लिया है।*

# आईपीएल से मोटी कमाई करती हैं चीयर लीडर्स

**मुम्बई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नजर आने वाली खूबसूरत चीयर लीडर्स इसमें ग्लैमर का तड़का लगाती है। चीयर लीडर्स हर चौक और छक्के पर नाचती गाती दिखती हैं। ये एक प्रकार से आईपीएल से जुड़ गयी हैं। चीयरलीडर का काम हालांकि आसान नहीं होता, गर्मी में डांस करना, टूर्नामेंट के दौरान लगातार यात्रा करना थकान भरा होता है। चीयरलीडर को इसके लिए वेतन के आलावा भी कई और सुविधियाँ मिलती हैं।एक रिपोर्ट के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने चीयरलीडर को प्रत्येक मैच का 14 से 16 हजार रूपये देती है। यानी अगर टीम प्लेऑफ तक भी ना पहुंचे तो भी चीयरलीडर मॉली 2 लाख से अधिक की कमाई कर लेंगी।

मुंबई इंडियंस की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 20 हजार रूपये मिलते हैं। इससे वह एक सीजन में 2.8 लाख रूपये कमा सकती है. अगर मुंबई इंडियंस टीम प्लेऑफ में पहुंचे तो चीयरलीडर्स की कमाई भी बढ़ जाएगी। वो कौन सी 3 टीमें हैं जो चीयरलीडर्स को देती हैं सबसे ज्यादा सैलरी, एक दिन की कमाई जान होश उड़ जाएगा. चेन्नई सुपर



किंग्स टीम की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 17 हजार रुपये तक वेतन देती है। इस प्रकार सीएसके की चीयरलीडर्स एक सीजन में 2 लाख 38 हजार रुपये तक कमा सकती है। वहीं.आईपीएल के इस सत्र में अपनी चीयरलीडर को सबसे ज्यादा पैसा कोलकाता नाइट राइडर्स दे रही है। रिपोर्ट के अनुसार केकेआर की एक चीयरलीडर को प्रति मैच 24 से 25 हजार रूपये मिल रहे हैं।

**चीयरलीडर मॉली को शामिल करना चाहती हैं सभी टीमें:** हर सत्र में एक से बढ़कर खूबसूरत चीयरलीडर्स टीमों के साथ जुड़ती है जिनकी खूबसूरती की चर्चाएं भी काफी होती हैं। इनमें से एक चीयरलीडर मॉली ऐसी है जो कई सालों से नजर आती है पर हर बार उसकी पोशाक का रंग टीम के अनुसार बदल जाता है। इस बार वह सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में दिख रही है।

मॉली काफी खूबसूरत है। सनराइजर्स हैदराबाद टीम से पहले वह सीएसके टीम के लिए बतौर चीयरलीडर काम करती थीं। मॉली सोशल मीडिया में भी खासी सक्रिय रहती है। वह अपनी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करती रही हैं। आईपीएल से जुड़ी कई तस्वीरें वह साझा करती रही हैं।

# त्रिकोणीय सीरीज में भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रीलंका का सामना करेगी

**कोलंबो, एजेंसी।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में रविवार को मेजबान श्रीलंका से मुकाबला होगा। इस मैच में सभी की नजरें उभरती हुई टीम में शामिल युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियां करेगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अच्छी है पर उसे गेंदबाजी पर ध्यान देना होगा। टीम में शामिल युवा गेंदबाज काशवी गौतम ने डब्ल्यूपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में टीम को उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के लिए 6.45 की इकॉनमी रेट से नौ मैचों में 11 विकेट लिए थे। इसके अलावा टिटास साधु, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर के बाहर होने से भारतीय टीम की गेंदबाजी अरुंधति रेड्डी पर आधारित रहेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर अमनजोत कौर भी अहम भूमिका निभा सकती हैं।



दोनो ही टीमों का मुकाबला कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। यहां की पिच पर स्पिनरों को सहायता मिलती है। ऐसे में ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा के साथ-साथ स्पिनर श्री चरणी भी गेंदबाजी कर सकती हैं।

टीम की बल्लेबाजी कप्तान हरमनप्रीत, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और हरलीन देयोल पर आधारित रहेगी। दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी करती हैं। भारतीय टीम ने इससे पहले वेस्टइंडीज और आयरलैंड को हराया था जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं दूसरी ओर मेजबान श्रीलंकाई टीम कई बदलावों के साथ उतर रही है।

# व्यापार समाचार

## रिपोर्ट में रोजगार और गरीबी पर की गई यह टिप्पणी

# भारत के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व बैंक की गरीबी के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में भारत की अत्यंत गरीब आबादी के 65 प्रतिशत हिस्सा थे। इन राज्यों ने समय के साथ गरीबी में कमी लाने में सफलता हासिल की है। 2022-23 इन राज्यों में देश के 54 प्रतिशत अत्यंत गरीब और 51 प्रतिशत बहुआयामी गरीब रहते हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत में रोजगार वृद्धि में सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 से देश में रोजगार कामकाजी आयु वर्ग की आबादी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है। इस वृद्धि का एक महत्वपूर्ण पहलू कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में इजाफा है। विश्व बैंक ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में यह बात कही।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, 2021-22 से रोजगार वृद्धि कामकाजी आयु वर्ग की आबादी से आगे निकल गई है। रोजगार दरें, विशेष रूप से महिलाओं के बीच बढ़ रही हैं।शहरी बेरोजगारी में भी कमी आई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह स्तर 2017-18 के बाद सबसे कम है।

रिपोर्ट में शहरी बेरोजगारी में भी तेज गिरावट



का उल्लेख किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शहरी बेरोजगारी 6.6 प्रतिशत तक गिर गई। यह 2017-18 के बाद से दर्ज किया गया सबसे निचला स्तर है। 2018-19 के बाद पहली बार, रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर अधिक पुरुष पलायन कर रहे हैं। साथ ही, ग्रामीण महिलाएं कृषि क्षेत्र में तेजी से नौकरी कर रही हैं, जो देश भर में रोजगार के पैटर्न में बदलाव का संकेत देता है।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में लगातार सामने आ रही चुनौतियों की ओर भी इशारा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार युवा बेरोजगारी 13.3 प्रतिशत है। उच्च शिक्षा पूरी करने वालों में यह दर और भी अधिक है। उनमें से 29 प्रतिशत अभी भी नौकरी की तलाश में हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, केवल 23 प्रतिशत गैर-कृषि भुगतान वाली नौकरियाँ औपचारिक हैं, और अधिकांश कृषि रोजगार अनौपचारिक हैं। रिपोर्ट में स्व-रोजगार में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला गया है, विशेष रूप से ग्रामीण श्रमिकों और महिलाओं के बीच। नियमित नौकरी करने के बजाय खुद के लिए काम करना पसंद करने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है।

महिला रोजगार में सुधार के बावजूद, असमानताएं बनी हुई हैं। महिला रोजगार दर 31 प्रतिशत तक पहुँच गई है, लेकिन अभी भी भुगतान वाली नौकरियों में महिलाओं की तुलना में 234 मिलियन अधिक पुरुष हैं।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है, महिलाओं की रोजगार दर 31 प्रतिशत होने के बावजूद, लैंगिक असमानता बनी हुई है, जिसमें 234 मिलियन से अधिक पुरुष वेतनभोगी काम कर रहे हैं। गरीबी के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्य- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में भारत की अत्यंत गरीब आबादी के 65 प्रतिशत हिस्सा थे। हालांकि इन राज्यों ने समय के साथ गरीबी में कमी लाने में सफलता हासिल की। 2022-23 में, इन राज्यों में देश के 54 प्रतिशत अत्यंत गरीब और 51 प्रतिशत बहुआयामी गरीब रहते हैं।

## हवाई क्षेत्र प्रतिबंध के बाद डीजीसीए की गाइडलाइन, कहा

# यात्रियों की मदद करें एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया है। इसका असर दिल्ली से उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानों पर पड़ा है। उड़ानों के समय में इजाफा हो गया है। इसे लेकर विमानन नियामक (डीजीसीए) ने एयरलाइनों को एडवाइजरी जारी की है।



पहलगाम हमले को लेकर भारत की सख्ती के बाद पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसका दिल्ली से उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्री विमानों पर असर पड़ा है। उड़ानों के समय में इजाफा हो गया है। इसे लेकर विमानन नियामक (डीजीसीए) ने एयरलाइनों को एडवाइजरी जारी की है। डीजीसीए ने कहा है कि उड़ान के दौरान यात्रियों की पूरी मदद की जाए। उचित संचार और खानपान सेवाएं मुहैया कराई जाएं।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों की अवधि बढ़ने और तकनीकी रुकावटों को लेकर यात्रियों की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में उड़ान-पूर्व यात्री संचार, उड़ान के दौरान खानपान और आराम, चिकित्सा तैयारी और वैकल्पिक हवाई अड्डे, ग्राहक सेवा और सहायता तत्परता, अंतर-विभागीय समन्वय को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

डीजीसीए ने कहा कि अंतराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने और ओवरफ्लाइट प्रतिबंधों से एयरलाइन संचालन प्रभावित हुआ है। अंतराष्ट्रीय और क्षेत्रीय उड़ानों के मार्ग में बदलाव हुआ है। निर्धारित अवधि की तुलना में उड़ानों के मूल स्थान से गतंव्य तक पहुंचने में लगने वाले समय (ब्लॉक समय) में वृद्धि हुई है। इसके चलते परिचालन या ईंधन आवश्यकताओं के लिए मार्ग में तकनीकी ठहराव की संभावना है। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन सभी यात्रियों को हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों और यात्रा में लगने वाले समय के कारण मार्ग में परिवर्तन के बारे में पहले से सूचित करें। साथ ही बीच में किसी हवाई अड्डे पर तकनीकी रोक के बारे में भी यात्रियों को सूचित किया जाना चाहिए। कंपनियां यात्रियों को यह भी बताएं कि तकनीकी रोक केवल परिचालनात्मक होगी। इस दौरान यात्री सामान्यत विमान में ही रहेंगे। डीजीसीए ने कहा कि यह सूचना चेक-इन, बोर्डिंग गेट पर तथा जहां संभव हो, एसएमएस/ई-मेल अलर्ट के माध्यम से दी जानी चाहिए। इसके साथ ही एयरलाइन को उड़ान के समय में होने वाली वृद्धि के चलते यात्रियों के लिए खानपान की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही कंपनियां पर्याप्त चिकित्सा किट और प्राथमिक चिकित्सा संसाधन मुहैया कराएं।

### अनंत अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी प्राइवेट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है। अनंत 1 मई से अगले 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। वे मुकेश अंबानी के छोटे बेटे हैं। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में ह्यूमन रिसोर्स, नोमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। अनंत को अगस्त 2022 में कंपनी के एनर्जी वर्टिकल की कमान सौंपी गई थी। इसके अलावा अनंत मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के साथ-साथ रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के बोर्ड मेंबर हैं।

### नियम उल्लंघन पर आरबीआई की सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने रेगुलेटरी अनुपालन में कमियों को गंभीरता से लेते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की है। नियामकीय निर्देशों का उल्लंघन करने के कारण इंडियन बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज पर जुर्माना लगाया गया है, जबकि इंपीरियल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। आरबीआई के अनुसार, इंडियन बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन किया, जिनमें कर्ज पर ब्याज दरों के निर्धारण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना, और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को ऋण देने के मामलों में दिशानिर्देशों का सही अनुपालन न करना शामिल है। इन खामियों के चलते बैंक पर 1.61 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### हुंडई ने किया नौ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का चयन

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में हुंडई मोटर ग्रुप ने हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर फ्यूचर मोबिलिटी टेक्नोलॉजी (हयूदै सीओई) का उद्घाटन किया है। हुंडई ने आईआईटीएस के साथ मिलकर नौ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का चयन किया है, जो बैटरी नवाचार पर केंद्रित हैं। इस पहल का उद्देश्य भविष्य की मोबिलिटी तकनीकों पर अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से इलेक्ट्रिफिकेशन और बैटरी सिस्टम के क्षेत्र में।

## रिपोर्ट: इलेक्ट्रिक क्रांति की रफ्तार तेज

# 44 शहरों में पुरानी गाड़ियों की जगह ईवी से बचेगा 51 अरब लीटर ईंधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 10 लाख की आबादी वाले 44 शहरों में पुरानी गाड़ियों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने से 2035 तक 51 अरब लीटर से अधिक पेट्रोल और डीजल की बचत की जा सकेगी। पूर्ण रूप से ईवी अपनाने से 2035 तक हर दिन 11.5 टन पीएम 2.5 उत्सर्जन से बचा जा सकता है। देश के कम-से-कम 10 लाख की आबादी वाले 44 शहरों में पुरानी गाड़ियों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने से 2035 तक 51 अरब लीटर से अधिक पेट्रोल और डीजल की बचत की जा सकेगी। इससे भारत का तेल आयात बिल अनुमानित रूप से 9.17 लाख करोड़ रुपये (106.6 अरब डॉलर) कम हो जाएगा। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के नए अध्ययन में कहा गया है कि इन 44 बड़े शहरों में पुराने वाहनों की संख्या 2030 तक बढ़कर 75 लाख पहुंच जाएगी। 2024 में इनकी संख्या 49 लाख थी। बड़े शहरों में वायु प्रदूषण में पुराने वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।

**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में आएगी कमी:** पूर्ण रूप से ईवी अपनाने से 2035 तक हर दिन 11.5 टन पीएम 2.5 उत्सर्जन से बचा जा सकता है। साथ ही, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कमी आ सकती है। रिपोर्ट के लेखकों ने 2030 और 2035 के बीच 1.14 करोड़ वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की एक योजना प्रस्तावित की है।

**3.7 लाख रोजगार का होगा सृजन:** टेरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, बड़े शहरों में पुरानी गाड़ियों को ईवी से बदलने या इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों के हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से देश के ई-वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में करीब 3.7 लाख नए रोजगार का सृजन हो सकता है।

# स्कोडा ऑटो की भारत में रजत जयंती, दर्ज की अब तक की सबसेबड़ी मासिक बिक्री

**मुंबई, एजेंसी।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में सफलतापूर्वक 25 साल पूरे करलिए हैं, और यह देश में उनकेनए दौर की शुरुआत को दिखाता है। कंपनी ने भारत में अपने 25 साल के इतिहास मेंरिकॉर्डतोड़ बिक्री की उपलब्धि हासिल की है। मार्च 2025 में स्कोडा ऑटोइंडिया ने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो भारत में इस ब्रांड की अब तक की किसीएक महीने में बिक्री की सबसे बड़ी संख्?या है। यह सफलता उनकी नई कायलाक एसयूवी के लॉन्च और रणवीरसिंह को कंपनी का पहला ब्रांड सुपरस्?टार बनाने के तुरंत बाद मिली है, जिससे लोगों के बीच जागरूकता और पसंद बढ़ीहै। स्कोडा



ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर पेट्र जैनेबा ने बिक्री के इसरिकॉर्ड के बारे में कहा, ''जब हमने नई कायलाक लॉन्च की थी, तो हमने कहा था कि भारत में हमारी कंपनी का %नया दौर% शुरू हो रहा है। मार्च 2025 में हमने 7,422 गाड़ियाँ बेचीं, जो दिखाती हैं कि हमारी योजना सही दिशा में जा रही है। यह हमारी लगातारमेहनत और उस योजना का नतीजा है,जिसके तहत हम भारतीय सड़कों पर अच्छीयूरोपीय तकनीक वाली गाड़ियाँ लाना चाहते हैं। ग्राहकों ने बताया है कि कायलाक बहुतअच्छी गाड़ी है। यह छोटी सब-4-मीटर एसयूवी होते हुए भी बड़ी गाड़ियों जैसाआराम, जगह और सुरक्षा देती है। ज़्यादा लोगोंको यह गाड़ी मिल सके और इसकी सफलता का जश?न मनाने के लिए, हमने इसकी शुरूआती कीमत को अप्रैल के अंत तक नहीं बढ़ाने का फैसला कियाहै। कायलाक: बिक्री में प्रमुख योगदानभारत में स्कोडा ऑटो के लिए इस महीने में सबसे अधिक बिक्री काएक प्रमुख कारण है उनकी नई कार, कायलाक, जिसकीघोषणा फरवरी 2024 में हुई थी। इस कार का नाम भारत नेरखा था और नवंबर 2024 में इसे पेश किया गया था, जिसकी डिलिवरी जनवरी 2025 में शुरू हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### बदला दिल्ली के मौसम का मिजाज, तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मौसम का मिजाज शनिवार को अचानक बदल गया। बादल छाए रहने के साथ-साथ तेज हवाएं भी चलीं, जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी गतिविधियों के कारण हुआ। मौसम विभाग ने हल्की बारिश की भी संभावना जताई है। शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को भी दिल्ली में बादल छाए रहेंगे। इससे दिल्ली वालों को लू के थपेड़ों से राहत मिलेगी। तापमान में भी मामूली कमी देखी जा सकती है। इस दौरान 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज हवाएं चल सकती हैं। कभी-कभी हवा की स्पीड 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक देखी जा सकती है। दिन का अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया जा सकता है।

### कुलगाम के कैमोह में दो आतंकी सहयोगी गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद

**कुलगाम।** सुरक्षाबलों ने संयुक्त कार्रवाई में कुलगाम के कैमोह में नाके के दौरान शनिवार को आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुलगाम पुलिस ने सेना की 1 आरआर और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के साथ मिलकर कुलगाम मटलहामा चौक थोकरपोरा, कैमोह में स्थापित एक चौकी पर जांच के दौरान आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट दोनों निवासी थोकरपोरा कैमोह के रूप में हुई है। इस कार्रवाई के दौरान तलाशी लेने पर उनके कब्जे से दो पिस्तौल, 25 पिस्तौल राउंड, दो पिस्तौल मैगजीन सहित हथियार गोला-बारूद बरामद किया है। इस घटना के संबंध में पुलिस स्टेशन कैमोह में मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### भारत-पाक सीमा पर फेंसिंग पार की जमीनों से दो दिन में फसल काटने के निर्देश

**चंडीगढ़।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद हुई सख्ती ने पंजाब के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन ने शनिवार को पंजाब के सीमावर्ती गांवों में मुनादी कराते हुए कहा है कि सीमा पार फेंसिंग के पार खेतों की फसल 24 घंटे के भीतर काट लें। रविवार शाम को गेट बंद कर दिए जाएंगे। गुरुद्वारों से आज दिनभर ऐसी ही अनाउसमेंट होती रही। आज इस ऐलान को लेकर आज पूरे दिन किसानों में अफरा-तफरी मची रही। हालांकि बीएसएफ की तरफ से इस संबंध में अधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। दरअसल पंजाब के अमृतसर, तरनातरन, गुरदासपुर, फिरोजपुर व फाजिल्का जिलों में बहुत से गांव ऐसे हैं, जिनके किसानों की आधी जमीन भारत और आधी पाकिस्तान में आती है। यह किसान रोजाना बीएसएफ के साथ फैंसिंग पार खेती के लिए जाते हैं। इन किसानों के रोजाना आठ घंटे बार्डर पर ले जाया जाता है। इसी दौरान तीन दिन पहले किसानों के साथ गए बीएसएफ के एक जवान को पाकिस्तान के सैनिकों ने हिरासत में ले लिया है। फ्लैग बैठक के बावजूद जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। जिसके चलते यहां तनाव और बढ़ गया है। इस संबंध में जमहूरी किसान सभा के प्रधान डॉ. सतनाम सिंह अजनाला ने बताया कि पाकिस्तान से लगते सरहदी जिलों अमृतसर, तरनतारन, गुरदासपुर, पठानकोट, फिरोजपुर और फाजिल्का में बार्डर से लगी तार के पार 22,000 एकड़ खेती योग्य जमीन है। इसमें से 90 फीसदी पर खेती होती है।

### आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा, चार गिरफ्तार

**रांची।** आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने शनिवार को एक बड़े आतंकी संगठन के झारखंड विंग का खुलासा करते हुए एक महिला समेत चार संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार संदिग्ध प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े हुए हैं, सभी की गिरफ्तारी धनबाद के वासेपुर से की गई है। झारखंड में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल का खुलासा किया गया है। झारखंड एटीएस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद जिले में छापेमारी कर इस मॉड्यूल का खुलासा किया है। झारखंड एटीएस के मुताबिक हिज्ब उत तहरीर को विधि-विरूद्ध क्रिया कलाप निवारण (यूएपीए) अधिनियम-1967 के तहत 10 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया है।

### सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को आयोजित कार्यक्रम में संबोधित किया

# जो जिस भाषा में समझेगा, उसी भाषा में जवाब देगा भारत : योगी आदित्यनाथ

लखीमपुर खीरी ■ एजेंसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद और अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। भारत सरकार का सेवा, सुरक्षा व सुशासन का मॉडल विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 'जिस भाषा में समझेगा, उस भाषा में जवाब देने के लिए' नया भारत तैयार है। नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन छेड़ने वाले को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में छोड़ेगा भी नहीं। जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत ही यूपी को माफिया, अराजकता, दंगा मुक्त किया और देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में लाकर खड़ा किया।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को लखीमपुर खीरी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण, अनुदान, आवास व ट्रैक्टर के लाभार्थियों के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्टीमर में बैठक बाढ़ नियंत्रण के लिए किए गए कार्य का मुआयना भी किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष पलिया व निघासन क्षेत्र के लोगों को बाढ़ से जूझते हुए देखा था, तब मैंने कहा था कि चिंता न कीजिए। इसके स्थायी समाधान का रास्ता निकालेंगे। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जलशक्ति विभाग बाढ़ के स्थायी समाधान के लिए शारदा नदी को चैनलाइज करने जा रहा है। इससे किसान का खेत भी बचेगा और बाढ़ से बस्ती भी बचेगी। सात किमी. लंबा चैनल बनाने का कार्य हो रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में आना था, लेकिन मैंने कहा कि पहले काम शुरू करो। अब यह कार्य तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रदेश बताते हुए कहा कि बाढ़ हो या बीमारी, नए भारत का नया उप्र इसके समाधान के लिए बखूबी आगे बढ़ा है।

योगी ने कहा कि सरकार जो पैसा खर्च करती है, वह मुख्यमंत्री-मंत्री का नहीं, बल्कि यह जनता के टैक्स का पैसा है। इसका सदुपयोग होना चाहिए। पहले प्रस्ताव आया था कि 180 करोड़ से तटबंध बनाया जाए। इससे किसानों की जमीन भी जाती। मैंने पूछा कि शारदा नदी में तीन-सवा तीन लाख क्यूसेक पानी आएगा तो मिट्टी का तटबंध कैसे इसे रोक पाएगा। यह समस्या का समाधान नहीं है। नदी को चैनलाइज कीजिये, ड्रेजर मंगाइये और नदी को एक साथ चलने का रास्ता दीजिये, तब बाढ़ की समस्या का समाधान होगा। यदि 180 करोड़ का काम मात्र 22 करोड़ में हो सकता है तो इस कार्य को 10 जून तक पूरा कर दीजिए।इससे 400 गांव, ढाई लाख आबादी, 10 हजार हेक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाव करने में मदद मिलेगी। उधर बाढ़ नियंत्रण की सकारात्मक पहल के लिए बिजवा व पलिया ब्लॉक के किसानों ने मंच पर आकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

मुख्यमंत्री योगी ने सपा को घेरते हुए कहा कि विकास, महिला, युवा, किसान विरोधी लोगों को जब शासन का अवसर मिला था तो वे लोग किसानों को आत्महत्या, युवाओं को पलायन पर मजबूर करते थे। पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर बेटी, बहन व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाते थे। आज शासन सबकी सुरक्षा के लिए मजबूती से कार्य कर रहा है। कांग्रेस व सपा जाति के नाम पर समाज को बांट रही है। यह छत्रपति शिवाजी, राणा सांगा का अपमान व क्रूर औरंगजेब-बाबर का महिमामंडन करते हैं। अखिलेश यादव जिन्ना का महिमा मण्डन किया था।

इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, विधायक हरविंदर कुमार उर्फ रोमी साहनी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरि, लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, शशांक वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कमिश्नर रोशन जैकब, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल आदि मौजूद रहीं।

सीएम योगी ने भोलेराम, बालचंद्र, पृथ्वी लाल को ट्रैक्टर व मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी सनेव, मीना देवी, नीतू, कुसुमा, रीमा को आवासों की चाबी दी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 358 समूहों को रिवाल्विंग फंड तथा 882 समूहों को सीआईएफ का डेमो चेक (14 करोड़, 30 लाख, 40 हजार) दिया गया। यह चेक सुनीता देवी, रेनु, अर्चना, शबाना, रंजू देवी ने प्राप्त किया।

### गुजरात सरकार का महाअभियान

# घुसपैठियों को 2 दिन में सरेंडर करने का दिया अल्टीमेटम



सूरत ■ एजेंसी

**एक ही रात में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी नागरिक पकड़ाए**

गुजरात सरकार के निर्देश पर राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ महाअभियान शुरू किया गया। शुक्रवार-शनिवार रात राज्य में अब तक के सबसे बड़े अभियान की शुरुआत करते हुए अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है।

सूरत पुलिस आयुक्त कार्यालय में शनिवार को गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने राज्य के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक, रेंज आईजी, लॉ एंड ऑर्डर समेत आईबी कि उच्चाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग की। उन्होंने सभी अधिकारियों को इस अभियान को तेज करने के साथ सख्त से सख्त कदम उठाने का निर्देश दिए। संघवी ने पुलिस अधिकारियों से बांग्लादेशी घुसपैठियों की सभी गतिविधियों के संबंध में सूक्ष्म जांच करने को कहा। संघवी ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों को दो दिनों में अपने समीप के पुलिस थाने में सरेंडर करने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने वाले बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। संघवी ने अवैध घुसपैठियों को आश्रय देने वालों के विरुद्ध भी सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर अहमदाबाद पुलिस आयुक्त के कार्यालय में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने पत्रकारों से अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान की जानकारी साझा करते हुए कहा कि एक ही रात में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए हैं। फर्जी दस्तावेज बनाने वाले बंगाल के आपराधिक नेटवर्क के संबंध में अभी जांच जारी है।

पकड़े गए बांग्लादेशियों की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उनके मूल देश बांग्लादेश भेज दिया जाएगा। डीजीपी ने इस अभियान को राज्य में अवैध घुसपैठियों और आपराधिक प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। गुजरात पुलिस आगामी दिनों में इस अभियान को तेज बनाएगी। डीजीपी के अनुसार इन बांग्लादेशी घुसपैठियों में अधिकांश लोग बंगाल से फर्जी दस्तावेज का उपयोग कर गुजरात समेत देश के विभिन्न राज्यों में रह रहे हैं।

### पहलगाम हमले के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन, पाकिस्तानी दूतावास बंद करने की मांग




**काठमांडू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली युवक सहित हिंदू पर्यटकों की हत्या के विरोध में शनिवार को काठमांडू स्थित पाकिस्तानी दूतावास के सामने अलग-अलग संस्थाओं और संगठनों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। प्रदर्शनकारियों ने नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की मांग भी की। कई सामाजिक संगठनों ने आज सुबह से ही काठमांडू के महाराजगंज स्थित पाकिस्तानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के विरोध में नारेबाजी करते हुए इन प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तानी सेना के प्रमुख की तस्वीर को लेकर भी विरोध प्रदर्शन किया।

# युवा शक्ति के बल पर तेजी से प्रगति कर रहा भारत : कीर्तिवर्धन

### रोजगार मेला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प

लखनऊ ■ एजेंसी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 47 स्थानों पर हुए कार्यक्रमों में 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी क्रम में शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में केंद्रीय विदेश, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 250 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि रोजगार मेला केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है। भारत जो विश्व का सबसे युवा देश है, अपनी युवा शक्ति के बल पर तेजी से प्रगति कर रहा है। जन-धन, आधार और मोबाइल भारत देश की ताकत है, जिसका गुणगान आज विदेशों में भी हो रहा है। सरकारी योजनाओं और तकनीक का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आई है और पारदर्शिता बढ़ी है। श्री सिंह ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की सेवा करने का एक सुनहरा अवसर है।

# सैन्य कार्रवाई कर करते हुए पीओके को भारत में मिलाना चाहिए : शंकराचार्य अधोक्षजानंद

हरिद्वार ■ एजेंसी



गोवर्धन पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज ने शनिवार को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सैन्य कार्रवाई कर पीओके को भारत में मिलाना चाहिए।

गोवर्धन पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज ने हरिद्वार के आश्रम में आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और हमले में मृत आत्माओं की आत्मा शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान ने हमारी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। उसके द्वारा उस जमीन पर आतंकवादी कैंप चलाकर हमारे देश में खूनी खेल खेला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान अपने जिहादी आतंकवादियों और कश्मीर में बैठे स्लीपर सेल की मदद से नापाक खेल, खेल रहा है। इसलिए ऐसे देश पर सैन्य कार्रवाई होनी चाहिए। अब निर्णय लेने का समय आ गया है। पाक अधिकृत कश्मीर को भी भारत में मिलाना चाहिए। जो लोग इस षडयंत्र में शामिल हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की सेना विश्व की दूसरे नंबर की दृढ़ इच्छा शक्ति वाली सेना है। पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर आतंकियों को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए निर्णयों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार आगामी 2027 के अर्धकुम्भ को पूर्ण कुम्भ की भांति मनाना चाहती है तो यह स्वागत योग्य कदम है। उत्तराखंड सरकार की यह पहल सफल होगी। उन्होंने कहा कि इसमें सभी साधु संत उनके साथ है। सभी बढ़ चढ़ कर उसमें भाग लेंगे और इससे सनातन की पताका उतरोउत्तर लहरायेगी। चारधाम यात्रा को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि चारधाम यात्रा हमारे सनातनियो के लिए प्राण की तरह है, जो हमारे अंदर शक्ति का संचार करती है जिसका दुनिया के कोने कोने में रहने वाले सनातनी को इंतजार रहता है।

# पाकिस्तान में सिंधु पर नहर परियोजना का विरोध, आंदोलन से डरी सरकार

कराची ■ एजेंसी




पाकिस्तान का सिंध प्रांत संघीय सरकार की सिंधु नदी पर नहरों का जाल बिछाने की योजना के खिलाफ उबल रहा है। राजधानी कराची से लेकर गांव और शहरों के लोगों ने बगावत का झंडा उठा लिया है। अरब सागर के तट पर बसे कराची में अशांति की लपटें उठ रही हैं। नहर प्रदर्शनकारियों के धरना समाप्त करने से इनकार करने की वजह से करीब 15 हजार मालवाहक वाहन बीच रास्ते में फंस गए हैं।

खबर के अनुसार, नहर प्रदर्शनकारियों को संघीय सरकार के आश्वासन पर भरोसा नहीं है। उन्होंने धरना समाप्त करने से इनकार कर दिया है। हालांकि आंदोलन से भयभीत संघीय सरकार ने सिंधु नदी पर विवादास्पद नहर परियोजना को रोकने का निर्णय लिया है। ट्रांसपोर्टरों ने शुक्रवार को कहा कि आंदोलन के कारण देश की आपूर्ति शृंखला में गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। ट्रांसपोर्ट गुड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक गुज्जर ने कहा कि सड़कों पर लगाए गए अवरोधों के कारण सुक्कुर-लरकाना डिवीजन और बहावलपुर के आसपास 15,000 से अधिक ट्रॉलर, कंटेनर, ट्रक और तेल टैंकर फंसे हुए हैं। गुज्जर का कहना है कि आंदोलन में वकीलों के कूद जाने से हालात और बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारी दो मई का इंतजार कर रहे हैं। संघीय सरकार ने घोषणा की है कि नहर परियोजनाओं को रोकने की आधिकारिक अधिसूचना का दो मई को जारी होगी। संघीय सरकार ने गुरुवार को घोषणा की कि प्रस्तावित नहर परियोजना तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि दो मई को होने वाली काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स की बैठक में आम सहमति नहीं बन जाती। हालांकि, शुक्रवार रात पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और प्रदर्शनकारी वकीलों का प्रतिनिधित्व करने वाले एडवोकेट आमिर वराइच के बीच बैठक हुई है। इस बीच, सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह ने प्रदर्शनकारियों से अवरुद्ध राजमार्गों को खोलने और माल की आवाजाही को फिर से शुरू करने की अपील की है।

### *राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'द हिंदू मेनिफेस्टो' का लोकार्पण किया*

# *हिन्दू समाज अपने धर्म के मूल्यों को समझेः मोहन भागवत*

*नई दिल्ली ■ एजेंसी*



*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का कहना है कि हिन्दू समाज ही पहले हिन्दू धर्म को ठीक से समझे। हिन्दू मेनिफेस्टो नामक एक पुस्तक का लोकार्पण करते हुए उन्होंने एक बार फिर दोहराया की राजा का धर्म है कि वह अपने समाज और उसके नागरिकों की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि विश्व में अनेक प्रकार की सभ्यताएं दोराहे पर खड़ी हैं और भविष्य का मार्ग ढूंढ रही हैं। यह मार्ग भारत ही उन्हें दिखा सकता है लेकिन उससे पहले भारत को स्वयं पूर्ण दृष्टि वाला समर्थ और सबल भारत बनकर खड़ा होना होगा।*

*आईआईटी खड़गपुर के स्नातक और संन्यासी स्वामी विज्ञानानंद की शोध पूर्ण और काल सुसंगत पुस्तक द हिंदू मेनिफेस्टो की प्रशंसा करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि यह पुस्तक एक विमर्श पैदा करेगी, भविष्य के लिए एक मार्ग प्रशस्त करेगी। हिन्दू धर्म की बौद्धिक संपदा और उसकी वैश्विक दृष्टि को लोगों के बीच तक पहुंचाने का काम करेगी। लोकार्पण समारोह का आयोजन प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय परिसर में किया गया।*

*डॉ. भागवत ने कहा कि सनातन हिन्दू समाज की दृष्टि को लोगों तक पहुंचाना यह समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह बात ठीक है कि हमने कभी किसी पर आक्रमण नहीं किया और हमारी अहिंसा लोगों की सोच को बदलने के लिए है, पर जब कोई सोच नहीं बदलता है तो उसको दंडित करना भी धर्म ही होता है द्य हमने राम रावण युद्ध में इसे देखा है। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ योगेश कुमार ने हिन्दू चिंतन को विश्व का सर्वश्रेष्ठ चिंतन बताते हुए कहा कि वसुधैव कुटुंबकम का भाव इसी दृष्टिकोण में से निकला है। स्वामी विज्ञानानंद ने हिंदी अंग्रेजी और संस्कृत के धारा प्रभाव भाषण में पुस्तक में जो सामग्री संकलित की गई है इसका संक्षिप्त विवरण दियाद्य उन्होंने कहा कि उन्होंने वेदों उपनिषदों आदि के माध्यम से यह स्पष्ट सिद्ध किया है की समृद्धि, राष्ट्रीय सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, जिम्मेदार लोकतंत्र, महिलाओं के प्रति सम्मान, सामाजिक सद्भाव, प्रकृति की पवित्रता और मातृभूमि के प्रति सम्मान इन आठ मार्गदर्शन सिद्धांतों पर चलकर भारत एक बार फिर विश्व गुरु बन सकता हैद्य उन्होंने कहा कि मैंने पूरी जिम्मेदारी के साथ शोध किया है और उसके संदर्भ भी दिए हैं।इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय बाल्मीकि मंदिर के प्रमुख स्वामी कृष्ण शाही विद्यार्थी जी महाराज ने आशीर्वचन दिया।*

**यह दवा अमूल्य है**

**खूनी बवासीर के मरीजों के लिए आवश्यक सूचना**

1. क्या आप खूनी बवासीर से पीड़ित हैं?
2. डाक्टरों और वैद्य-हकीमों का इलाज करा-करा कर थक गए हैं?
3. निरंतर खून आने से शरीर अत्यंत दुर्बल और कमजोर हो गया है?

तो आइये मात्र 6 पुड़िया आपके जीवन को चिंताओं से मुक्त कर सकती है और आप फिर से पूर्ण मस्ती के साथ जीवन व्यतीत करने के लिये सक्षम हो सकते हैं।
तो आज ही हमारे निम्न पते पर आएं और निःशुल्क दवा प्राप्त करें।

**दैनिक अमृत दर्शन**
6, पत्रकार नगर कोलार रोड, भोपाल-462003
मो. 9827054436




प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007.
डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।